**खबर संक्षेप**



## नशे के प्रति चलाया गया जागरूकता कार्यक्रम

**कटनी।** प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 'नशा मुक्त भारत अभियान' के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में नशा मुक्ति हेतु शपथ एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के दौरान डॉ. एस के खरे ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नशा जीवन के विनाश का महत्वपूर्ण कारण है। यह समाज के लिए अभिशाप है। नशे के कारण हमारी युवा पीढ़ी दिग्भ्रमित है। नशे की लत से समाज को बचाना आवश्यक है। जबकि डॉ. माधुरी गर्ग ने कहा कि नशा शरीर एवं आत्मा दोनों का विनाश करती है। नशा व्यक्तिगत एवं सामाजिक उन्नति में बाधक है। हमें हमेशा नशे से दूर रहना चाहिए क्योंकि यह मनुष्य को दीमक की तरह खोखला कर देता है। इस कार्यक्रम में डॉ. विनय बाजपेई, प्रोफेसर जी एम मुस्तफा, डॉ. रुक्मणी प्रताप सिंह एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों की उपस्थिति सराहनीय रही।

## रीठी में दिया जायेगा हितग्राहियों को प्रशिक्षण

**कटनी।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर विकासखंड रीठी में महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत वर्ष 2025-26 में निजी भूमि पर उद्यानिकी पौधारोपण हेतु 'एक बगिया मां के नाम' मोबाईल एप का उपयोग करते हुये राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत कार्यरत कृषि सखियों के द्वारा 109 हितग्राहियों का चयन किया गया है।चयनित हिताग्रहियों को पौधा रोपण एवं पौधों की सुरक्षा व्यवस्था हेतु तार फैंसिग तथा सिंचाई के लिये जलकुण्ड एवं भुगतान से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराये जाने हेतु जनपद पंचायत रीठी के सीईओ आरएन सिंह द्वारा शुक्रवार 29 अगस्त को दोपहर 12 बजे से जनपद पंचायत कार्यालय रीठी के सभागार में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें मनरेगा, उद्यानिकी एवं तकनीकी अधिकारियों के द्वारा हितग्राहियों को प्रशिक्षित किया जायेगा।

## 5 अक्टूबर से शुरू होगी वैष्णों देवी तीर्थ यात्रा

**कटनी।** मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के तहत वैष्णोदेवी यात्रा के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। यह यात्रा 5 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक आयोजित की जाएगी। जिले के लिए इस यात्रा में कुल 279 बर्थ आवंटित किए गए हैं। यात्रा के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 23 सितंबर निर्धारित की गई है। वैष्णोदेवी तीर्थयात्रा के सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए नगरीय क्षेत्र के लिए नगर निगम आयुक्त, मुख्य नगर पालिका अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत (सभी) को यह जिम्मेदारी दी गई है।आवेदन पत्र विभाग की वेबसाइट से डाउनलोड किए जा सकते हैं। 60 वर्ष से अधिक आयु के पुरूष और 58 वर्ष से अधिक आयु की महिलाएँ आवेदन कर सकती हैं।

## अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्रों को मिलेगी प्रोत्साहन राशि

**कटनी।** राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में सफलता अर्जित करने वाले अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्रों से जनजातीय कार्य विभाग ने प्रतिभा योजना के तहत वर्ष 2024-25 और 2025-26 के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। ऐसे छात्र जिन्होंने जेईई मेन या एडवांस, नीट, क्लैट जैसी परीक्षाओं में सफल होकर आईआईटी, एम्स, एनडीए जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश लिया है, वे इस योजना के लिए पात्र हैं। योजनांतर्गत जिन छात्रों के परिवार की वार्षिक आय 6 लाख रूपये से कम है, उन्हें 50 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि मिलेगी।

### मरीजों की जान से हो रहा खिलवाड़, तय मानकों को दरकिनार कर हो रहा संचालन

# जिले भर में फलफूल रहा अवैध नर्सिंग होम का करोबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



जिला मुख्यालय में दर्जनों अवैध नर्सिंग होमों का संचालन विभागीय अधिकारियों के संरक्षण में धड़ल्ले से संचालित हो रहा है। ऐसा लग रहा है मानों स्वास्थ्य अधिकारी इन दिनों गहरी निद्रा में लीन हो गए हैं। बताया जाता है कि कमीशन के बलबूते यह अवैध नर्सिंग होम संचालन का धंधा दिनों दिन फल फूल रहा है और फर्जी नर्सिंग होम संचालकों के हौसले बुलंद हैं।

जिले में जहां सीएमएचओ सहित अधिकारियों की पूरी टीम मौजूद होने के बाद भी दर्जनों ऐसे नर्सिंग होम का संचालन किया जा रहा है जो मानक पर खरे नहीं उतर रहें हैं। ऑरेशन थिएटर भी तय मानक के अनुसार नहीं हैं बावजूद इसके वर्ष भर मे कई ऑपरेशन कर मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

शहर में नर्सिंग होम एक्ट का खुलेआम उल्लंघन किया जा रहा है। ऐसा नहीं है कि स्वास्थ्य अमले को इसकी जानकारी नहीं है, कई नर्सिंग होम ऐसे हैं जहां भेड़ बकरियों की तरह मरीजों को ठूस ठूस कर भर दिया जाता है, विशेष सुविधाएं न होने के बावजूद मरीजों से अनाप शनाप रूपए वसूल किए जा रहे हैं। इन संचालकों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग द्वारा ठोस कार्रवाई नहीं होने से विभागीय अधिकारियों पर साठगांठ के आरोप भी लगाये जाने लगे हैं। यही नही यहां मरीजों से इलाज के नाम पर मोटी रकम वसूलने के बाद भी उन्हें समुचित उपचार मुहैया नहीं कराया जाता है। कई जगहों पर निजी मकान में मानक को दरकिनार कर नर्सिंग का कारोबार चल रहा है।

**मरीज व परिजनों के साथ मनमानी**

नर्सिंग होम के संचालक मरीजों और उनके परिजनों के साथ मनमानी करते हैं। जिले भर में ऐसे कई मामले सामने चुके हैं लेकिन अभी तक कार्रवाई किसी संचालक पर नहीं हुई। स्वास्थ्य विभाग से जुड़े सूत्र बताते हैं कि जो क्लीनिक और नर्सिंग होम नियमों और शर्तों की पूर्ति नहीं करते हैं, निरीक्षण करने के दौरान संबंधित टीम सख्त रुख अख्तियार तो करती है लेकिन सिर्फ दिखावे के लिए। बाद में पूरे मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है, और फिर स्थति जस की तस हो जाती है।

**गली गली में खुले अवैध पैथोलॉजी**

पंजीयन के दौरान किसी डॉक्टर की सम्मती देखकर विभाग में पंजीयन तो कर दिया जाता है लेकिन उस पैथोलॉजी में दोबारा निरीक्षण या वहां झांकने तक कोई जिम्मेदार अधिकारी नहीं जाता। बिना डॉक्टर के ही पैथोलॉजी संचालित हो रही हैं, हर जगह अलग अलग रूपए लिए जा रहे हैं। विभागीय उदासीनता का खामियाजा मरीजों व परिजनों को भुगतना पड़ रहा है।

**झोलाछाप डॉक्टर की भरमार**

शहर के साथ साथ ग्रामीण अंचलों में भी फर्जी डॉक्टरों की भरमार है। सभी प्रकार के उपचारों को एक ही कमरे में संचालित किया जा रहा है, कई जगहों पर तो गारंटी के साथ उपचार किए जाने का दावा भी किया जा रहा है। उपचार में दिनों दिन बढ़ रहे खर्चे को देखकर लोग इनके पास पहुंच रहे हैं लेकिन कई बार इन झोलाछाप डॉक्टरों द्वारा किए गए गलत उपचार से मरीज की जान पर संकट बन जाता है। ऐसे कई मामले समय समय पर सामने आते रहते हैं बावजूद इसके जिम्मेदार विभाग ऐसे अवैध क्लीनिक व नर्सिंग होम के खिलाफ कोई कार्रवाही नहीं की जा रही है। शहर में ही अनेकों ऐसे नर्सिंग होम खुले आम संचालित हो रहे हैं जो मानकों पर खरे नहीं उतर रहे हैं।



## नकली उत्पाद बेचकर सेहत से हो रहा खिलवाड़, हुई कार्रवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नामी ब्रांड के नाम पर मिलते जुलते नाम के तहत नकली उत्पाद बेचकर लोगों की सेहत और विश्वास से खिलवाड़ करने वालों पर बड़ी कार्रवाई हुई है। बताया जाता है कि पतंजलि फूड्स लिमिटेड के मशहूर खाद्य तेल "महाकोष" की हूबहू नकल कर "महासुख" नाम से नकली तेल बनाने और बेचने वाले कारोबार पर दिल्ली की वाणिज्यिक अदालत के आदेश पर जिला पुलिस ने छापा मारा। छापे के दौरान भारी मात्रा में नकली तेल, पैकेजिंग सामग्री और लेबल जब्त किए गए। यह धंधा श्री जी एंटरप्राइजेज नामक कंपनी द्वारा चलाया जा रहा था, जिसे महेश चंद्र जैन संचालित कर रहे थे। पतंजलि फूड्स लिमिटेड को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि बाजार में महासुख नाम से ऐसा तेल बेचा जा रहा है, जिसकी पैकिंग और डिज़ाइन महाकोष जैसी है और उपभोक्ता भ्रमित हो रहे हैं। अदालत ने मामले को गंभीर मानते हुए लोकल कमिश्नर मुकेश कुमार शर्मा को जांच का जिम्मा सौंपा और 26 अगस्त को कटनी में फैक्ट्री पर छापा मारा गया। जांच में साफ हुआ कि फैक्ट्री में पतंजलि के रजिस्टर्ड ट्रेडमार्क और कॉपीराइट की नकल कर नकली उत्पाद तैयार किए जा रहे थे। अदालत के आदेश पर फैक्ट्री में जब्त सभी सामानों को सील कर दिया गया। आदेश का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई होगी।

### नल कनेक्शनों की बकाया राशि वसूलने ननि हुआ सख्त

# 1 करोड़ 47 लाख वसूलने नगर निगम करेगा कठोर कार्रवाही, दिए गए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी की विशेष मौजूदगी में मंगलवार को नगर निगम कार्यालय में जल कार्य एवं सीवरेज समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाकर नगर विकास के कई अहम विषयों पर विस्तार से चर्चा एवं विचार विमर्श किया जाकर सर्वसम्मति से कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

बैठक में महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं उपस्थित सदस्यों द्वारा नल कनेक्शनों की बकाया राशि, अवैध नल कनेक्शन को चिन्हित करने, विद्युत कटौती से प्रभावित होने वाली पेयजल आपूर्ति, क्षतिग्रस्त पाइप लाइन को बदलने, फिल्टर हाउस में बैराज तक बाउंड्रीवाल का निर्माण एवं जल शौधन संयंत्र के रेनोवेशन कार्य सहित अन्य विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक के दौरान बताया गया कि लगभग 533 लोगों के द्वारा नल कनेक्शन बंद करने के आवेदन दिए जानें तथा निर्धारित शुल्क 250 रुपये की राशि जमा नहीं किये जानें के कारण उन पर लगभग 1 करोड़ 47 लाख रुपये बकाया है जिसकी वसूली की जाना है जिसपर संबंधितों को अंतिम नोटिस जारी करते हुए कुर्की आदि की कार्यवाही के माध्यम से बकाया राशि की वसूली किये जानें पर सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई।

बैठक में वैध एवं अवैध नल कनेक्शनों की जांच कर उपयोग अनुसार जलकर रिकार्ड अपडेट करने एवं जल कर की वूसली हेतु एजेंसी सेवा प्रदाता नियुक्त कर वूसली करानें, बंद कनेक्शन को पुनः चालू करने, नल कनेक्शनों के सुधार पूर्व शुल्क को पुनरीक्षित किये जाने तथा प्रक्रिया को सरल करनें की दिशा में समिति के सदस्यों के द्वारा चर्चा की गई। नागरिकों की सूचारू पेयजल आपूर्ति तथा विद्युत समस्या के निराकरण हेतु एमपीईबी के अधिकारियों से चर्चा कर पृथक से लाईन लाईन खिचवानें के संबंध में सर्वसम्मती से स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक के दौरान निगम की आय में बढ़ोतरी को दृष्टिगत रखते हुए नगर की उच्च स्तरीय पानी की टंकियों, फिल्टर हाउस एवं पंप हाउस की पुताई कराई जावेगी।

## पोर्टल व अन्य समस्याओं पर पटवारी संघ ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा



पोर्टल पर हो रही समस्याओं के लिए पटवारी संघ ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन सौंपते हुए अपनी समस्याओं से अवगत कराया है। मध्य प्रदेश पटवारी संघ तहसील इकाई बड़वारा की ओर से प्रमुख सचिव राजस्व मध्य प्रदेश शासन को तहसीलदार बड़वारा के माध्यम से ऑनलाइन वेब GIS 2.0 पोर्टल पर कार्य में आ रही कठिनाइयों एवं विसंगति के संपादन से विरत रहने के सम्बन्ध में ज्ञापन सौंपा गया। उक्त समस्याओं के निराकरण हेतु समस्याओं के समाधान हेतु ज्ञापन सौंपा जा चुका है। चूंकि पटवारी पद शासन और कृषक के बीच की कड़ी है शासन द्वारा समस्त योजनाओं का क्रियान्वयन जमीनी स्तर पर पटवारी द्वारा ही किया जाता है जिसमें पटवारी का किसान से सीधे सम्पर्क होता है इस कारण हर प्रकार की तकनीकी समस्या का दोषी पटवारी न होते हुए भी किसानों एवं अधिकारियों के समक्ष दोषी प्रतीत होता है। जिसमें आज दिनांक तक कोई भी सुधार उक्त पोर्टल पर नहीं किया गया है न ही शासन द्वारा कोई पहल की गई इससे व्यथित होकर मंगलवार को पुनः ज्ञापन सौंपते हुए कहा गया कि यदि समय रहते उक्त समस्याओं का निदान नहीं किया गया तो मजबूरन प्रदेश के सभी पटवारी 01 सितम्बर से नवीन ऑनलाइन वेब GIS 2.0 पोर्टल पर संपादित होने वाले कार्यों से विरत रहेंगे किंतु अन्य समस्त पदीय शासकीय कार्य यथावत करते रहेंगे जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। पोर्टल में समस्या होने से अन्नदाता भी परेशान हो रहे हैं। इस दौरान तहसील अध्यक्ष शुभ्रलता सोनी, लालमन कोल, प्रतिभा मिश्रा, राजेश्वर नौलसिया, दीपमाला यादव, मोहित ताम्रकार, संजय जैन,मोहन सिंह, मुख्तयार अहमद, भंवर सिंह धाकड़, पलक कंथारिया आदि मौजूद रहे।

## अपने हक को पाने युवजन सभा ने लगाई पंचायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



मध्यप्रदेश युवजन सभा द्वारा आदिवासी सामुदाय के लोगो मे जन जागरूकता लाने पीडीए पंचायत का आयोजन शुरू किया दिया है। बहोरीबंद विकासखंड के ग्राम पहरुआ, गुड़ियापुरा में युवजन सभा के प्रदेशध्यक्ष इंजी. यदुवेन्द्र यादव की उपस्थिति में पंचायत का आयोजन किया गया। जहाँ पीडीए पंचायत में गौड़, कोल आदिवासियों की समस्याएं सुनी गई, जिसमें प्रमुख रूप से जल, जंगल जमीन ओर वनाधिकार को लेकर बातें उठाई गई। युवजन सभा प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव के नेतृव्य में युवजन सभा प्रदेश में आदिवासी सामुदाय के बीच जाकर जल, जंगल, जमीन ओर वनाधिकार को लेकर जागरूक कर रही है। जल, जंगल, जमीन ओर वनाधिकार का हक आदिवासी सामुदाय के लोगो को मिले इसके लिए लड़ाई लड़ी जाएगी। इसके लिए आदिवासी समुदाय के लोगो का साथ चाहिए, क्योंकि भाजपा सरकार आदिवासियों का शोषण कर रही है, जल, जंगल जमीन के नाम आदिवासियों से वोट तो ले लिया जाता है लेकिन उनका हक उन्हें नही मिल पा रहा है, इसलिए सपा पिछड़ा, दलित ओर आदिवासी को एकजुटता के साथ आगे लाकर जागरूक करेगी। युवजन सभा प्रदेश भर के गावों मै जाकर पीडीए की जागरूकता के लिए जागरूकता अभियान चलाएगी। जिससे पिछड़ा, दलित ओर आदिवासी अपना वास्तविक हक लें सके। इस दौरान सपा जिलाध्यक्ष संदीप नायक, सपा पिछड़ा वर्ग जिलाध्यक्ष राधे यादव, वरिष्ठ सपा नेता सुरेश आदिवासी, गोपाल कोल, विनोद कोल, सियाराम कोल, रामकुमार लोध, सरमन कुशवाहा, रामसहाय कोल, सुरेंद्र चौधरी, भगवत सिंह तेकाम, राजेंद्र यादव, रानू यादव मौजूद रहे।

### चिन्हित भूखंडों का नक्शा मिलान कर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

# ट्रांसपोर्ट नगर योजना को लेकर निगमायुक्त ने ली अधिकारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा



नगर पालिक निगम द्वारा नगर निगम क्षेत्रांतर्गत ट्रांसपोर्ट नगर पुरैनी में अन्य ट्रांसपोर्ट सुविधाओं के प्रयोजन हेतु स्थल आरक्षित करनें हेतु भूखंडों में साइन बोर्ड एवं एप्रोच रोड, गेट आदि के निर्माण हेतु कृत कार्यवाही की प्रगति हेतु निगमायुक्त नीलेश दुबे की मौजूदगी में मंगलवार को एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा, राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक, सहायक यंत्री सुनील सिंह, विधि अधिकारी वरूणेश मिश्रा, उपयंत्री मोना करेरा, शैलेन्द्र प्यासी, लिपिक आलोक गर्ग सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

बैठक के दौरान निगमायुक्त द्वारा एप्रोच रोड एवं गेट निर्माण की कार्यवाही की प्रगति की समीक्षा की जाकर निविदा आदि की प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण करानें के निर्देश दिए। स्थल पर भूखंडों की जानकारी चाहे जाने पर उपयंत्री शैलेन्द्र प्यासी द्वारा अवगत कराया गया कि स्थल पर 6 बाई 4 वर्ग मीटर प्रति दुकान के हिसाब से 18 भूखंड दुकानों के निर्माण हेतु आरक्षित किये गए है। इसके अतिरिक्त रिपेयरिंग यार्ड हेतु 60 बाई 80 वर्गमीटर का एक भूखंड, ढ़ाबा निर्माण हेतु 60 बाई 60 वर्ग मीटर का एक भूखंड, धर्मकाटा निर्माण हेतु 35 बाई 50 वर्गमीटर का एक भूखंड, लॉज एवं रेस्टारेंट हेतु 60 बाई 60 वर्ग मीटर का एक भूखंड, पेट्रोल पंप प्रयोजन हेतु 30 बाई 60 वर्गमीटर का एक भूखंड तथा पार्किंग हेतु 60 बाई 60 वर्गमीटर का एक भूखंड पृथक से आवंटन की प्रक्रिया में शामिल किया गया है।

निगमायुक्त द्वारा उक्त जानकारी से अवगत होते हुए नक्शे से भूखंडों के साइज का मिलान करते हुए स्थल पर प्लाटों का ले-आउट चिन्हित करने तथा पिलर गडाकर साइन बोर्ड लगाकर भूखंडों की सीमा सुरक्षित करते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कराकर, 10 -10 भूखंडों की निविदा प्रकाशन की कार्यवाही करने के निर्देश राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक एवं उपयंत्री शैलेन्द्र प्यासी को दिए।

### गणपति बप्पा मोरया के जयकारों के साथ ले जा रहे गणेश प्रतिमाएं

# पंडालों में होगी गणेश स्थापना, घर घर विराजेंगे गणपति बप्पा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



गणेश उत्सव की तैयारियां पिछले कई दिनों से जोरों पर थी, मंगलवार को समितियों द्वारा पंडालों व भक्तों द्वारा घरों में भगवान गणेश जी की स्थापना के लिए जोरदार तैयारियां की गई हैं। शहर के विभिन्न स्थानों में आकर्षक झांकियों की साज सज्जा की जा रही है। श्रीगणेशोत्सव का उल्लास व भक्ति के साथ आज बुधवार को घर घर भगवान गणेश जी की स्थापना की जावेगी। श्रीजी के स्वागत के लिए मंडप तैयार हो गए हैं। मंगलवार की शाम से ही भक्तों द्वारा ढोल-तासे व बैंड बाजों के साथ श्रीजी का मंडपों में आगमन शुरू हो गया।

गणेश चौक में आकर्षक साज सज्जा के साथ की गई है। आज जगह जगह गौरी पुत्र भगवान गणेश जी को विराजित करने का सिलसिला शुरू हो जाएगा। गणेश मंडपों में प्रतिदिन धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा।

**बाजारों में गणेशोत्सव का उत्साह**

बाजारों में गणेशोत्सव का उत्साह नजर आ रहा है। बच्चे गणपति बप्पा को घर लाने के लिए आकर्षक प्रतिमाओं को पसंद कर रहे हैं। फारेस्टर प्लेग्राउंड के पास, मधई मंदिर के पास, माधवनगर मैन बाजार के साथ साथ शो रूमों में भी गणेशोत्सव पर भगवान गणपति जी की मूर्ती लेने बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। गणेश मंडप सजाने के लिए फूल, केले के पत्ते, आम के पत्ते, अशोक के पत्ते, कमल के फूल की बिकवाली भी जोरों पर दिखाई दे रही है।

**मोदक व लड्डु भी उपलब्ध**

गणेशोत्सव के अवसर पर शहर के प्रमुख मिष्ठान के प्रतिष्ठानों पर गौरी पुत्र गणेश के लिए विशेष प्रकार के मोदक, बुंदी व बेसन के लड्डु भी उपलब्ध हैं। ऐसी मान्यता हैं कि गणेशजी को मोदक विशेष रूप से पसंद हैं। मिष्ठान दुकानों में विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व आकर्षक मोदक उपलब्ध हैं।

भगवान गजानन की स्थापना के लिए जहां भगवान गणेश के प्रति अपार श्रृद्धा के भक्त उत्साहित हैं वहीं छोटे बच्चों में भी गणेश स्थापना को लेकर आनंदित हो रहे हैं।

**पूजा विधि और स्थापना नियम**

भगवान गणेश की मूर्ति को उत्तर-पूर्व कोने में स्थापित करना चाहिए और उसका मुख उत्तर दिशा की ओर होना चाहिए। सर्वप्रथम आसन को शुद्ध करने के बाद लाल कपड़ा बिछाएं और उस पर अक्षत रखें। इसके बाद ही उस आसन पर- गणपति बप्पा को शुद्ध हाथों से स्थापित करें। भगवान श्रीगणेश को गंगाजल से स्नान करावें, गणपति बप्पा की मूर्ति के बगल में रिद्धि-सिद्धि की मूर्ति रखें या इनकी जगह आप उनके स्वरूप में सुपारी भी रख सकते हैं।भगवान की मूर्ति के दाहिनी ओर कलश रखें और उसमें जल भरें। इसके बाद हाथ में फूल और अक्षत लेकर गणपति बप्पा का ध्यान करें। गणपति बप्पा को फल, फूल और मिठाई अर्पित करें। पूजा में ओहम गं गणपतये नमः मंत्र का जाप करें। अंत में गणेशजी की आरती करें। इसके साथ ही वैदिक ब्राम्हणों द्वारा वैदिक या लौकिक मंत्रों के साथ गणेश स्थापना की जावेगी।

## विद्युत बकाया राशि जमा नहीं होने पर कटेगा कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

बकाया विद्युत बिल जमा करने लोगों को समझाइस दी जा रही है। उपभोक्ताओं से लगातार मुलाकात कर पंचनामा की बकाया विद्युत बिल की राशि भुगतान करने के लिए कहा जा रहा है। विद्युत वितरण केंद्र अमाडी के अंतर्गत पूर्व में उड़नदस्ता टीम के द्वारा विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135/138 (ख) एवं 126 के तहत बनाए गए पंचनामा की बकाया राशि का भुगतान करने हेतु क्षेत्र की जनता से विद्युत वितरण केंद्र अमाडी के कनिष्ठ अभियंता पंकज सिंह धुर्वे के मार्गदर्शन पर विद्युत कर्मचारियों के द्वारा घर घर जाकर उपभोक्ताओं से मुलाकात करके समझाइए दी जा रही है। उन्होने बताया कि 13 सितम्बर को विशेष न्यायालय कटनी में उपस्थित होकर 30% प्रतिशत आकलित ऊर्जा प्रभार पर छूट का लाभ लेकर प्रकरण को अतिशीघ्र समाप्त करवाया जा सकता है। पंचनामा की बकाया राशि का भुगतान नहीं होने के कारण विभाग द्वारा विद्युत कनेक्शन अस्थाई रूप से विच्छेदित होगा। यदि चेकिंग के दौरान भविष्य में बिना पंचनामा राशि एवं बिजली बिल का भुगतान किए विद्युत कनेक्शन जोड़ा पाया गया तो आपके विरुद्ध विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 एवं 138 (ख) के तहत कार्यवाही करते हुए पुनः प्रकरण तैयार किया जाएगा। नोटिस प्राप्त होने के पश्चात तत्काल अपने नजदीकी विद्युत वितरण केंद्र अमाडी कार्यालय में उपस्थित होकर भी अपने बने पंचनामा राशि एवं विद्युत बिल की राशि का भुगतान किया जा सकता है।

**खबर संक्षेप**

## शांति समिति की बैठक संपन्न, दिए दिशा निर्देश



**विजयराघवगढ़।** गणेशोत्सव पर्व और ईद मिलादुन्नबी को लेकर विजयराघवगढ़ में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में गणेश पांडालों के संबंध में जानकारी लेने के साथ गणेशोत्सव समितियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। पंडालों और गणेश विसर्जन जुलूस के दौरान फूहड़ गाने न बजाने की हिदायत भी थाना प्रभारी निरीक्षक रितेश शर्मा द्वारा दी गई। पंडालों में विद्युत व्यवस्था के लिए टीसी कनेक्शन लेने, विद्युत पोल से दूर रहने और सावधानियां बरतने की बात पर भी जोर दिया गया। थाना प्रभारी ने गणेशोत्सव पर्व और ईद मिलादुन्नबी का त्यौहार शांति और सौहार्द्र पूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। उन्होंने उपस्थितजनों से पर्व के दौरान आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में सुझाव भी मांगे और विचार विमर्श किया। इस अवसर पर नगर परिषद उपाध्यक्ष हरिओम बर्मन, शिक्षक हरीश दुबे, बलरामदास गुप्ता, थाना प्रभारी निरीक्षक रितेश शर्मा, अधिवक्ता मंजुलता बर्मन, पार्षद रमाकांत तिवारी, साहबलाल चौधरी, बंजारी सरपंच पति अल्ताफ छोटे भाई, लाइन मैन सहित गणमान्य नागरिकों, पत्रकारों व पुलिस स्टॉफ की उपस्थिति थी।

## महाविद्यालय मार्ग को कराया गया दुरूस्त



**विजयराघवगढ़।** मुख्य मार्ग से विजयराघवगढ़ स्थित शासकीय महाविद्यालय तक की डगर छात्र छात्राओं के लिए टेढ़ी खीर साबित हो रही थी। लंबे समय से कॉलेज में पढ़ने वाले विद्यार्थी आवागमन की समस्या से जूझ रहे थे। खास तौर कर बरसात के इन दिनों में कीचड़ और गड्ढों के कारण कॉलेज तक का सफर मुश्किल हो रहा था। छात्र छात्राओं की इस समस्या के बारे में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा विधायक संजय पाठक को अवगत कराया गया था। विधायक के निर्देश पर महाविद्यालय पहुंच मार्ग में गिट्टी, चूरी आदि डलवा कर जेसीबी के माध्यम से रोड का समतलीकरण कराया गया। प्रसन्नता व्यक्त करते हुए छात्र छात्राओं ने कहा कि अब उन्हें कॉलेज तक आने जाने में परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। कॉलेज के छात्र छात्राओं ने विधायक का आभार जताया है।

## नव पदस्थ अपर कलेक्टर ने पदभार संभाला

**कटनी।** नवागत अपर कलेटर नीलांबर मिश्र ने अपर कलेटर पद का पदभार ग्रहण किया। श्री मिश्र पन्ना जिले से समान पद पर स्थानांतरित होकर कटनी आए हैं। श्री मिश्र राज्य प्रशासनिक सेवा के 2012 बैच के अधिकारी हैं। इसके पहले राज्य शासन ने श्री मिश्र का स्थानांतरण अनूपपुर जिले के लिए किया था और अनूपपुर के संयुक्त कलेटर दिलीप कुमार पाण्डेय को पदोन्नत कर कटनी में अपर कलेटर पदस्थ किया था लेकिन राज्य शासन ने पूर्व में जारी इस आदेश में संशोधन कर दिया, जिससे श्री मिश्र पन्ना से स्थानांतरित होकर कटनी के अपर कलेटर के पद पर अपना दायित्व ग्रहण किया है।

## पुरैनी से ट्रक लेकर चंपत हुए अज्ञात चोर

**कटनी।** शहर में चोरी की घटनाओं पर रोक लगते नहीं दिखाई दे रही है। दोपहिया वाहनों की चोरी के साथ साथ अब चोर भारी भरकम ट्रक पर हाथ साफ करने से भी नहीं पीछे हट रहे। चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। बताया जाता है कि पुरैनी स्थित दुर्गा मंदिर के पास रहने वाले नरेश प्रसाद गुप्ता के घर के पास खड़ा ट्रक क्रमांक एमपी 21 एच 0902 को अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। सुबह ट्रक गायब मिला तो पुलिस को सूचना दी गई। ट्रक की कीमत साढ़े चार लाख रुपए बताई गई है। पुलिस मामले को विवेचना करने जुट गई है।

### पेट्रोल पंपों में नहीं है जरूरी सुविधाएं, कई जगह दिखावे के लिए लगे एयर फिलिंग

# पेट्रोल पंपों पर नियमों की अनदेखी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कटनी



पेट्रोल पंपों पर ग्राहकों को दी जाने वाली सुविधाएं न के बराबर हैं। अधिकारियों द्वारा इस ओर ध्यान न दिए जाने से आमजन को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। पेट्रोल पंपों में फ्री एयर फिलिंग की सुविधा अनिवार्य रूप से दिए जाने के नियम हैं, लेकिन शो पीस के लिए बनाए गए एयर फिलिंग में अनेक प्रकार की बहानेबाजी करते हुए ग्राहकों को सेवा से वंचित किया जा रहा है। झिंझरी स्थित पुलिस वेलफेयर द्वारा संचालित पेट्रोल पंप में ही तमाम नियमों को दरकिनार कर संचालन किया जा रहा है ऐसे में आसानी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि अन्य पेट्रोल पंपों में क्या हाल हो सकता है। बताया जाता है कि झिंझरी स्थित पुलिस वेलफेयर द्वारा संचालित पेट्रोल पंप में नगद रूपए में पेट्रोल भरवाने में पाबंदी लगा दी गई है, यहां सिर्फ ऑनलाइन पेमेंट करने पर ही पेट्रोल उपलब्ध हो रहा है ऐसे के अगर किसी व्यक्ति के पास ऑनलाइन पेमेंट का विकल्प न हो तो उसे पेट्रोल न मिलने के कारण काफी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। इसी प्रकार माधव नगर के इमलिया स्थित पेट्रोल पंप में अक्सर रात 11 के बाद पेट्रोल देने की सुविधा बंद कर दी जाती है ऐसे में लोगों को आए दिन परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जिम्मेदारों की अनदेखी के कारण इसका खामियाजा आम जनों को भुगतना पड़ रहा है।

**ये हैं नियम**

जब भी पेट्रोल पंप स्थापित किया जाता है, तो कुछ शर्तों पर अनुमति दी जाती है। सरकार का निर्देश है कि जो व्यक्ति पेट्रोल-डीजल भरने के लिए आता है, उसे न केवल इसे भरने की सुविधा होनी चाहिए, बल्कि किसी अन्य जरूरत के मामले में पेट्रोल पंप मालिक से कुछ मुफ्त सुविधा भी प्रदान करनी चाहिए। जब किसी पेट्रोल पंप को लाइसेंस दिया जाता है, तो लाइसेंस तभी प्राप्त किया जा सकता है जब वह कुछ बुनियादी सुविधाएं प्रदान करता है और यदि पेट्रोल पंप मालिक द्वारा वे मुफ्त सुविधाएं प्रदान नहीं की जाती हैं तो लाइसेंस तुरंत रद्द किया जाये। पेट्रोल पंपों पर ग्राहकों की सुविधा के लिए पंप संचालकों को अनिवार्य रूप से फ्री एयर फिलिंग की सुविधा, निःशुल्क स्वच्छ पेयजल, शौचालय, निःशुल्क आपातकालीन टेलीफोन सेवा, निःशुल्क प्राथमिक उपचार की सुविधा, निःशुल्क अग्नि सुरक्षा उपकरण, आपके पास पेट्रोल और डीजल के बिल का अधिकार है, हर पेट्रोल पंप पर पेट्रोल और डीजल की कीमत के लिए एक बड़ा बिलबोर्ड होना चाहिए, पेट्रोल और डीजल की गुणवत्ता और मात्रा की जांच करना भी प्रत्येक नागरिक के लिए उपलब्ध कराया जाता है।

**यहां कर सकते हैं शिकायत**

उपरोक्त सभी सुविधाएं नागरिकों को पेट्रोल मालिकों द्वारा अनिवार्य रूप से प्रदान किए जाने के नियम हैं, लेकिन पेट्रोल पंप संचालकों द्वारा अगर नागरिकों को ये मूलभूत निःशुल्क सुविधाएं प्रदान नहीं की जा रही हैं तो उपभोक्ता शिकायत पुस्तिका में अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। यदि तेल कंपनियों को लगातार इस प्रकार की शिकायतें मिलती हैं तो उनके अधिकारी पेट्रोल पंपों का जायजा ले सकते हैं।

## जुआं फड़ पर पुलिस ने दी दिबश, की गई कार्रवाही

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बड़वारा

पुलिस ने दो अलग- अलग जुआ फड़ों पर दबिस देकर जुआरियों पर कार्यवाही करते हुए मामला दर्ज किया है। हार जीत का दांव लगा रहे जुआरियों को पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ने में सफलता हासिल की है, पकड़े गए जुआरियों के पास से नगदी व ताश के पत्तों को जप्त कर मामला दर्ज कर लिया गया है।

पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा जुआ खेलने वालो के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था। जिसके पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया एवं डीएसपी. हेडक्वाटर उमराव सिंह के मार्गदर्शन में जुआ फड़ों पर मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया था।वरिष्ट अधिकारियों के मार्गदर्शन में क्षेत्र में लगातार भ्रमण कराया जा रहा था। इसी दौरान मुखिबर से मिली सूचना के आधार पर सउनि. रामनाथ साकेत हमराह स्टाफ के द्वारा मौके पर पहुंच गई। बताया जाता है कि ग्राम भदौरा में बेयर हाउस के पीछे झाड़ियों में जुआ फड़ में बैठे कुछ व्यक्तियों को देखा जो पुलिस को देखते ही भागने की फिराक में आ गए, घेराबंदी कर उन्हें मौके पर 5 जुआरियों को तास के पत्तों सहित हिरासत में ले लिया गया। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए जुआरियों की तलासी ली गई एवं फड़ की तलासी ली गई जुआरियों से 18600/- रुपये जप्त किये गये। इसी प्रकार उप निरीक्षक प्रदीप जाटव दौरान भ्रमण के ग्राम भदौरा में बेयर हाउस के पीछे झाड़ियों में जुआ फड़ में बैठे कुछ व्यक्तियों को देखा जो मौके पर जाकर देखे तो 05 व्यक्ति तास के पत्तों पर रुपये पैसों का हार जीत का दांव लगाकर खेल खेल रहे थे। मौके पर जुआरियों की तलाशी ली गई। जुआरियों से 16,900/- रुपये जप्त किये गये। उक्त दोनो जुआ फड़ों से तास के पत्ते एवं कुल 35,500/- रुपये जप्त कर आरोपीगणों के विरुद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज करते हुए जुआरियों के खिलाफ कार्यवाही की गई। विशेष भूमिका सम्पूर्ण उक्त दोनो कार्यवाहियों में थाना प्रभारी उनि केके पटेल, उनि प्रदीप जाटव, सउनि रामनाथ साकेत, सउनि सतेन्द्र सिंह, प्रआर. लालजी यादव, आरक्षक, आरक्षक गौरीशंकर राजपूत की विशेष भूमिका रही।

### नव पदस्थ अपर कलेक्टर ने जनसुनवाई में किया समाधान

## जनसुनवाई में 123 आवेदकों की सुनी गई समस्याएं, किया गया निराकरण, दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कटनी



मंगलवार को कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर को कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में नवपदस्थ अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्र ने यहां पहुंचे 123 आवेदकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिये। मंगलवार को जनसुनवाई अनुविभाग, तहसील, विकासखंड और ग्राम पंचायत स्तर पर भी आयोजित की गई।

जनसुनवाई के दौरान ग्राम पंचायत मुडेहरा निवासी पवन बर्मन ने बताया कि माता जी की मृत्यु वर्ष 2024 में हो गई थी। उनकी मृत्यु के उपरांत संबल योजनांतर्गत अनुग्रह राशि स्वीकृत हो चुकी है। परंतु, अभी तक अनुग्रह राशि प्राप्त नहीं हुई है। इस पर जिला श्रम अधिकारी को नियमानुसार शिकायत का निराकरण करने के निर्देश दिये गए। इसी प्रकार ग्राम पंचायत मझगवां निवासी मुन्ना यादव ने वद्धा पेंशन योजना का लाभ दिलायें जाने की मांग करते हुये कहा कि मेरी उम्र 61 वर्ष है। पात्र होने के बावजूद मुझे वृद्धा पेंशन योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। इस पर सीईओ जनपद पंचायत को पात्रतानुसार योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिये गए। ग्राम करेला निवासी दुर्गेश कुमार साकेश ने आवेदन देते हुये बताया कि मेरे पिता का नाम मोहनलाल साकेश है। परंतु, समग्र आईडी में उनका नाम त्रुटिवश दुर्गेश कुमार साकेश हो गया है। इसे सुधरवा दीजिए। इस पर जनपद पंचायत के सीईओ को समग्र आईडी में सुधार कराने के निर्देश दिये गए।

जनसुनवाई में ग्राम मुडेहरा निवासी दुर्गाबाई पति स्व. हरछट दाहिया ने पीएम आवास की मांग करते हुये कहा कि मेरे पति का स्वर्गवास हो चुका है। मैं मजदूरी कर अपना और अपने बच्चों का भरण-पोषण कर रहीं हूँ। आर्थिक स्थिति कमजोर होने की वजह से मैं पक्का मकान बनवा पाने में असमर्थ हूँ। इस पर जनपद पंचायत के सीईओ को पात्रतानुसार पीएम आवास योजना का लाभ दिलाये जाने के निर्देश दिये गए।

जनसुनवाई के दौरान संयुक्त कलेक्टर जितेन्द्र पटेल, एसडीएम कटनी श्री प्रमोद कुमार चतुर्वेदी, डिप्टी कलेक्टर त्रय विवेक गुप्ता, प्रदीप मिश्रा, विंकी सिंह उइके सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहें।

## वाहन रजिस्ट्रेशन के डेटाबेस में मोबाइल नंबर दर्ज नहीं तो होगी मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कटनी

परिवहन विभाग में वाहन के पंजीयन और ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करते वक्त आवेदक को अपना मोबाइल नम्बर दर्ज करना अनिवार्य होता है। कई बार वाहन स्वामी की जगह डीलर अपना मोबाइल नम्बर दर्ज करा देते हैं। वाहन स्वामी और डीलर द्वारा सही मोबाइल नम्बर दर्ज कराने के बाद संबंधित व्यक्ति द्वारा मोबाइल नम्बर कुछ वर्षों बाद परिवर्तित कर देने के कारण डेटाबेस में संबंधित व्यक्ति का मोबाइल नंबर अपडेट नहीं रह पाता है। मोबाइल नम्बर अपडेट करने के लिये इन दिनों परिवहन विभाग द्वारा विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। वाहन स्वामी अथवा डीलर नेशनल इंफोर्मेशन सेन्टर (एनआईसी) के वाहन सारथी पोर्टल पर जाकर स्वयं ही आसानी से मोबाइल नंबर अपडेट कर सकते हैं। वाहन सारथी पोर्टल पर आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से मोबाइल नम्बर अपडेट करने की ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध है। आधार में दर्ज आवेदक और उसके अभिभावक के नाम का वाहन पंजीयन और ड्रायविंग लायसेंस के डेटाबेस में दर्ज नाम से शत-प्रतिशत मिलान होने पर डेटाबेस में मोबाइल नम्बर तत्काल अपडेट हो जाता है। आधार पंजीयन और ड्राइविंग लायसेंस के डेटाबेस में दर्ज नाम में भिन्नता पाई जाती है, तो आवेदक को पोर्टल पर अपना कोई दूसरा परिचय पत्र जैसे आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र और पासपोर्ट अपलोड करना पड़ता है। आरटीओ कार्यालय द्वारा दर्ज दस्तावेज और आधार से आवेदक और उसके अभिभावक के नाम का पंजीयन और ड्राइविंग लायसेंस में दर्ज नाम का सत्यापन किया जाता है। अप्रूवल के बाद मोबाइल नंबर डेटाबेस में अपडेट हो जाता है। अपडेड प्रक्रिया को विस्तृत रूप से स्क्रीन शॉट के माध्यम से समझाने के लिए मध्यप्रदेश परिवहन विभाग के पोर्टल के होमपेज पर लिंक उपलब्ध कराई गई है।वर्तमान में वाहन रजिस्ट्रेशन एवं ड्राइविंग लायसेंस संबंधी समस्त सेवाओं के लिये ऑनलाइन आवेदन लिये जा रहे है। मोबाइल नंबर पर ओटीपी प्राप्त कर आवेदक को अपना सत्यापन कराना होता है। मोबाइल नंबर उपलब्ध न होने पर कई बार आवेदक को मुसीबत हो सकती है।

## स्कूलों में छात्र छात्राओं को दिया गया प्राकृतिक एवं जैविक खेती का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ ढ़ीमरखेड़ा



महात्मा गांधी शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल दशरमन में कृषि के व्यवसायिक पाठ्यक्रम का शुभारंभ इसी सत्र से चालू किया गया है। जिसमें कृषि के विद्यार्थियों को प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण भारत लाल नामदेव संचालक जय भारती शिक्षा केंद्र मझगवां के द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण में खेत की स्थानीय बीज को तैयार करना, अपने खेत का पानी खेत में, खेत की उपजाऊ व गुणवत्ता पूर्ण मिट्टी को अपने खेत में कैसे रोका जाए, किसानी की लागत को कैसे कम किया जाए, बगैर अतिरिक्त खर्चा के उन्नत खाद पुष्प वर्धक पोषक तत्वों से भरपूर खाद अपने खेत में ही अमृत पानी को कैसे तैयार किया जाता हे, अमृत पानी का छिड़काव कब और कितना करें, इसका प्रयोग करके अपने घर की बागवानी, फलदार पौधे, और खेती किसानी में इसका उपयोग करके लाभ कैसे लिया जाए इस संबंध में विस्तार से समझाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य रेखा नामदेव भी उपस्थिति रही, रेखा नामदेव ने बच्चो को बताया कि पिता की मेहनत और उनकी विरासत को स्वयं मेहनत करके देखे समझे सीखे ताकि आपका यह अनुभव आपकी लेखनी और आगे की पढ़ाई में साधक सिद्ध हो सके।

### मुख्य मागों के साथ साथ डिवाईडर की भी कराई जा रही सफाई

## संक्रमण को नियंत्रण करने हेतु किया जा रहा कीटनाशक दवा का छिड़काव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कटनी



नगर की सफाई व्यवस्था को सुचारू रखनें हेतु महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी के निर्देश पर रोजाना दो शिफ्ट में नगरीय एवं उपनगरीय वार्डो के विभिन्न मुख्य मार्गो एवं सार्वजनिक स्थलों की सफाई के साथ ही मौसमी बीमारियों के प्रसार पर नियंत्रण हेतु रोजाना कीटनाशक दवाओं के छिड़काव सहित संध्याकालीन फागिंग अभियान चलाया जा रहा है।

निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देश पर नगर के मुख्य मार्गो की सुचारू सफाई व्यवस्था के मद्देनजर बरगवां एवं नदी पार कुठला क्षेत्र के मुख्य मार्गों के डिवाइर की सफाई अभियान चलाकर की गई। इस दौरान स्वच्छता दूतों द्वारा डिवाइडर के दौनों ओर जमा मिट्टी एवं अपशिष्ट की सफाई की जाकर डिवाइडर की ग्रिल के अंदर की पन्नी एवं अन्य अपशिष्ट के उठाव का कार्य किया जाकर नगर को साफ एवं स्वच्छ रखने के प्रयास किये गए।

स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि वर्तमान में चल रहे पर्वो के चलते श्रद्धालुओं की सुविधा को मद्देनजर रखते हुए नगर के विभिन्न मंदिरों एवं देवालयों के पहुंच मार्गो सहित नगर के विभिन्न गणपति स्थापना पंडाल स्थलों की सफाई के साथ ही कीटनाशक दवाओं का छिड़काव का कार्य जारी है। इसके अतिरिक्त नगर के विभिन्न मंदिरों से पूजन सामग्री के संग्रहण के कार्य सहित बस स्टेंड, मैकेनिक लाइन, रैन बसेरा, चांडक चौक, झंडा बाजार, गोल बाजार, सुभाष चौक, मैन स्टेशन पहुंच मार्ग सहित नगरीय एवं उनपगरीय क्षेत्रों के विभिन्न मार्गो की सफाई कराई जाकर कचरे के उठाव का कार्य किया गया। मौसमी बीमारियों के प्रसार पर नियंत्रण को दृष्टिगत रखते हुए कावस जी वार्ड में बारडोली खदान के आसपास की झाडियों की कटाई एवं सफाई आदि की गई।

### सौभाग्य की प्राप्ति हेतु महिलाओं ने रखा निर्जला व्रत

## हरतालिका तीज पर शिव गौरी को लगाया गया भोग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कटनी



भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की तीसरे दिन मंगलवार को हरतालिका तीज का पर्व महिलाओं द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दिन महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र के लिए अच्छे स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि और सौभाग्य की कामना से निर्जला व्रत का पालन करते हुए भगवान शिव व माता पार्वती जी की पूजा विधि विधान के साथ की गई। हिन्दु धर्म में हरतालिका व्रत की महिमा अपार बताई गई है, इस दिन कुंवारी कन्याएं भी मनवांछित वर की कामना से यह व्रत रखते हुए पूजा अर्चना कर व्रत को पूर्ण किया गया। हरितालिका तीज में भगवान शिव, माता पार्वती एवं भगवान गणेशजी की विशेष रूप से पूजा की जाती है। त्यौहार को लेकर बाजार में सोमवार व मंगलवार को भारी संख्या में भीड़ रही। सुभाष चौक, माधव नगर, रोशन नगर के बजारों में पूजा सामग्री खरीदने भक्तों की भीड़ देखी गई। फूलों से बने फुलेहरा, शिव पार्वती जी की मूर्ती, फूल माला, बेलपत्र, फल फूल, व श्रृगांर की पूजन सामग्री में लोगों की अच्छी खासी भीड़ नजर आई।

हरतालिका तीज के अवसर पर महिलाओं द्वारा सुबह से ही स्नान कर भगवान शिव की भक्ति में लीन नजर आई, घरों में पूजन स्थान पर शुद्धता के साथ भगवान भोलेनाथ व आदिशक्ति मां पार्वती के आसन की स्थापना की गई। महिलाओं ने दिन में मेंहदी, आलता आदि के साथ सोलह श्रृगांर कर पूजन अर्चना के लिए तैयार हुई। भगवान शिव, देवी पार्वती की मिट्टी की प्रतिमा की पूजा किए जाने का विधान है। ये प्रतिमाएं ज्यादातर महिलाएं खुद बनाती हैं तो वहीं कई महिलाएं बाजार से बनी बनाई मूर्तियां ले आती हैं। पूजा के लिए बाद इन प्रतिमाओं को विसर्जित किया जाता है। भगवान की प्रतिमाओं को तैयार करने के बाद पूजा के स्थान पर नया पीले रंग का वस्त्र, केले का पत्ता, रोली, जनेऊ, सुपारी, शमी के पत्ते, बेलपत्र, कलश, अक्षत, दूर्वा, घी, कपूर, दही, गंगाजल रखें। साथ ही माता पार्वती को अर्पित करने के लिए श्रृंगार सामग्री रखकर पूजन किया गया। पूजन स्थल पर देवी पार्वती को लाल रंग की चुनरी चढ़ाई गई इसके बाद अक्षत, फूल, फल, धूप-दीप आदि से विधि विधान पूजा की गई, भगवान शिव को सफेद चंदन, बेलपत्र, सफेद फूल, धतूरा, भांग आदि समर्पित करते हुए पूजा की गई, इस दौरान 'ॐ नमः शिवायः' मंत्र से भगवान शिव की अराधना भी की गई। देवी पार्वती की पूजा के लिए 'ॐ उमायै नमः' मंत्र का जाप का जाप किया गया। हाथ में अक्षत और फूल लेकर हरतालिका तीज की कथा सुनने के बाद रात भर जागरण कर भजन आदि गाए गए।

## श्रीकृष्ण रूकमणी विवाह में झूमें श्रद्धालु, बरसाए फूल, गाए गए मंगलगीत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ स्लीमनाबाद



स्थानीय हरिदास मंदिर में सप्ताह ज्ञान यज्ञ आयोजित है। जिसमे संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा चल रही है। कथा का वाचन पंडित दिलीप पौराणिक के मुखारविंद से किया जा रहा है। सप्ताह ज्ञान यज्ञ में प्रतिदिन श्रद्धालु पहुँचकर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे है, कथा के छठवें दिवस मंगलवार को कथावाचक ने भगवान श्रीकृष्ण की रासलीलाओं का वर्णन करते हुए बतलाया कि भगवान भक्त के आधीन है। गोपियां मां कात्यायनी की पूजा करती हुई माता से प्रार्थना करती हैं कि हे मां मुझे नन्द किशोर को पति के रूप में दीजिये। कथावाचक ने रूकमणी विवाह का प्रसंग बताते हुये कहा कि जब भक्त भगवान को सर्वस्य न्यौछावर कर देता है तो भगवान सामाजिक विडम्बना को त्याग कर अपने भक्त पर अनुग्रह करने के लिये गांधर्व विधि से भी विवाह कर लेते हैं। कथा में रुक्मणी विवाह धूमधाम से मनाया गया। जिसमें आओ मेरी सखियों मुझे मेहंदी लगा दो, मुझे श्याम सुंदर की दुल्हन बनादो सहित अन्य विवाह गीतों पर भक्त जमकर झूमे। विवाहोत्सव में बनी श्रीकृष्ण व रुक्मणि की झांकी ने भक्तों का मन मोह लिया। श्रीकृष्ण रुक्मणी की वरमाला पर जमकर फूलों की बरसात हुई। कथावाचक ने भागवत कथा के महत्व को बताते हुए कहा कि जो भक्त प्रेमी कृष्ण रुक्मणी के विवाह उत्सव में शामिल होते हैं उनकी वैवाहिक समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाती है। रुक्मणी विवाह महोत्सव प्रसंग पर व्याख्यान करते हुए उन्होंने कहा कि रुक्मणी के भाई उनका विवाह शिशुपाल के साथ सुनिश्चित किया था, लेकिन रुक्मणी ने संकल्प लिया था कि वह शिशुपाल को नहीं केवल गोपाल को पति के रूप में वरण करेंगे। अंत मैं भगवान श्री द्वारकाधीश जी ने रुक्मणी के सत्य संकल्प को पूर्ण किया।

## खबर संक्षेप

### चौपरा के प्रभारी प्राचार्य बने सतीश तंतुवाय

**जबेरा।** विकासखंड जबेरा के अंतर्गत आने वाले शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चौपरा में पदस्थ शिक्षक सतीश तंतुवाय को प्रभारी प्राचार्य बनाया गया है। प्रभारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार बाजपेई ने बताया कि सहायक संचालक शरद तिवारी के निर्देशन में प्राप्त शिकायतों के आधार पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चौपरा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अनियमिताएं पाए जाने पर प्रभारी प्राचार्य प्रेम प्रकाश अहिरवार को पद से पृथक करते हुए शिक्षक सतीश तंतुवाय को प्रभारी प्राचार्य का दायित्व सौंपा गया है।

### 221 आवेदनों पर हुई सुनवाई

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 10 (ब्यारमा) में जिले के दूरदराज क्षेत्रों से आये आवेदकों की समस्याओं को सुना। इस दौरान सामान्य जनसुनवाई में 221 आवेदनों पर सुनवाई करते हुये संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान 220 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, 15 आधार कार्ड संबंधी कार्य किये गये। इसी तरह अन्य आवेदकों ने अपनी समस्याओं से अवगत कराया। जनसुनवाई में सामूहिक आवेदन भी दिये गये। इस दौरान अपर कलेक्टर मीना मसराम, लोक सेवा प्रबंधक चक्रेश पटैल सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

### अवैध शराब विक्रेताओं पर कार्यवाही

**अमानगंज।** अमानगंज स्थानीय पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्यारह पेटी अवैध शराब तकरीबन 68500 रूपये और स्विफ्ट मारुति कार कीमत तकरीबन दो लाख रुपए जब्त की है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि क्षेत्र के विराशन मोड महेवा के पास से अवैध शराब की खेप लाई जा रही है।

रात्रि जागरण कर किया भजन कीर्तन

# निर्जला व्रत रखकर महिलाओं ने मनाया हरतालिका तीज का व्रत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

भाद्रपद मास की शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाने वाला हरतालिका तीज व्रत मंगलवार को उदया तिथि में महिला श्रद्धालुओं द्वारा आस्था के साथ इस बार सर्वार्थ सिद्धि, शोभन, गजकेसरी, पंच महापुरुष योग और मध नक्षत्र जैसे पांच शुभ संयोग में मनाया। महिलाओं ने सुबह भगवान शिव पार्वती का पूजन कर निर्जला व्रत का शुभारंभ कर रात्रि में सोलह श्रृंगार कर आकर्षक पुष्पों से मंडप फुलेरा सजाकर उसके नीचे शिव और पार्वती और गणेश की स्थापना कर विधि विधान से पूजा अर्चना कर परिवार की सुख समृद्धि और अखंड सौभाग्य की कामना की और पूरी रात शिव पार्वती भगवान गणेश के मंगल गीत गाकर रात्रि जागरण कर व्रत का समापन किया। हरतालिका तीज व्रत का विशेष महत्व स्त्रियों और कन्याओं के लिए है। यह पर्व देवी पार्वती की उस तपस्या की स्मृति में मनाया जाता है, जब उन्होंने भगवान शिव को अपने पति के रूप में पाने के लिए घोर तप किया था। पौराणिक मान्यता है कि माता पार्वती ने जंगल में गुफा में जाकर रेत से शिवलिंग बनाकर शिवजी की कठोर आराधना की थी। उसी दिन को स्मरण करते हुए सुहागिनों के साथ कुंवारी लड़कियां भी योग्य वर की कामना के लिए यह पर्व मनाती है।

**कन्याओं के लिए भी अत्यंत शुभव्रत**

हरतालिका तीज केवल विवाहित महिलाओं के लिए ही नहीं, बल्कि कुंवारी कन्याओं के लिए भी विशेष फलदायी माना गया है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन विधिपूर्वक व्रत करने से मनचाहा वर प्राप्त होता है। वहीं विवाहित स्त्रियों को अखंड सौभाग्य और सुखमय दांपत्य जीवन का वरदान मिलता है।

# 412 आवेदकों को ऑफर लेटर वितरित किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

**तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग एवं कलेक्टकर सुधीर कुमार कोचर दमोह के निर्देशानुसार 26 अगस्त को शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय दमोह मे युवा संगम रोजगार स्वतरोजगार एवं आप्रिंटिस मेले का अयोजन किया गया।**

युवा संगम मे साक्षात्काचर हेतु 943 आवेदकों ने पंजीयन कराया कंपनियों में साक्षात्का्र के उपरांत 412 आवेदको के लिए रोजगार हेतु विभिन्ना कम्पटनीयो द्वारा ऑफर लेटर वितरित किऐ । युवा संगम मे सांसद राहुल सिंह लोधी, सिद्धार्थ मलैया के साथ अन्यक जनप्रतिनिधियों एवं कलेक्टेर श्री कोचर द्वारा युवा संगम मेले मे उपस्थित होकर कंपनियों का अवलोकन किया एवं विस्तृवत जानकारी ली।

युवा संगम में जिला उद्योग केन्द्र द्वारा 35 प्रकरणों की स्वीककृत कर 2 करोड 17 हजार राशि स्वीहकृत की गयी जिला अत्य वासीय द्वारा 37 जिला उद्योग केन्द्र् दमोह ने 28 एवं अनुसूचित जाति विभाग ने 4 स्वकरोजगार वितरण अवेदकों का चयन किया, स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सहकों एवं कंऊसलरो विधि गुप्ताद द्वारा 110 आवेदकों का स्वाेस्था परीक्षण एवं कांऊसलिंग की गयी । कार्यक्रम मे आई.टी.आई. प्राचार्य अभिषेक तिवारी, प्राचार्य पॉलिटेक्निक महाविद्यालय श्री श्रीवास्ता्व, लीड बैंक मेनेजर हेमंत कुमार, अरविंद चंदेल, बी.एल. अहिरवार, आई.टी.आई. दमोह का स्टा.फ उपस्थिति रहा। कार्यक्रम का संचालन विषय विशेषज्ञ सोनू एवं आभार जिला रोजगार अधिकारी एल.पी. लडिया द्वारा किया गया।

# महिलाओं ने हरतालिका तीज का त्योहार धूमधाम से मनाया

**हिंडोरिया।** नगर एवं आसपास के क्षेत्र में महिलाओं के द्वारा हरतालिका तीज का त्यौहार बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। जिसमें पति की लंबी आयु सुख समृद्धि एवं खुशहाल दांपत्य जीवन की कामना के लिए निर्जला उपवास रखकर फुलेरा बांधकर शिव पार्वती का विधि विधान से पूजन किया बाजार में महिलाओं की भीड़ देखी गई उन्होंने कपड़े चूड़ी व श्रृंगार की सामग्री खरीदी। तीज त्यौहार को लेकर नव विवाहित महिलाओं में भी खासा उत्साह देखने को मिला। तीज व्रत रखने वाली लक्ष्मी अग्रवाल कुसुम चौरसिया ने बताया कि लगभग 20-25 वर्षों से उनके यहां पूजन होता है। परिवार के अलावा मोहल्ले की महिलाएं सम्मिलित होकर पूजन करती हैं हर वर्ष पूजा करने वाली महिलाओं को बुलावा भेजा जाता है, तभी वह पूजन में सम्मिलित होती हैं और रात्रि में शिव पार्वती के भजन गाकर रात्रि जागरण करती हैं। सुबह ब्रह्म मुहूर्त में पूजन आरती कर दान पुण्य करके व्रत का पालन किया जाता है। नेहा नेमा ने बताया कि यह त्यौहार जीवन में प्रेम स्नेह और आपसी समन्वय का प्रतीक है। कुंवारी कन्याओं ने भी शिव पार्वती का पूजन कर मनोवांछित वर की प्राप्ति के लिए भगवान से प्रार्थना करती हैं।



मंजू तिवारी ने बताया कि महिलाएं भगवान शिव पार्वती के लिए फुलेरा बांधती है और उसके नीचे उन्हें विराजमान कर उनकी विधि विधान से पूजा करती हैं आगे बताया कि फुलेरा के दर्शन से सौभाग्य सुख समृद्धि में वृद्धि होती है और अनेक तरह की मनोकामनाएं पूर्ण होती है फुलेरा हरतालिका तीज का ही महत्वपूर्ण हिस्सा है जो भगवान शिव , देवी पार्वती की पूजा के दौरान बनाया जाता है इसे फूलों और पत्तियों से सजाया जाता है यह प्रकृति की प्रचुरता और देवी पार्वती के प्रति समर्पण का प्रतीक है। सुबह 5बजे तलब पर पहुंच कर महिलाओं ने जल चढ़कर व्रत की पूर्ण आहूति दी। उक्त अवसर पर विनीता तिवारी, अलका दुबे, द्रोपदी विश्वकर्मा, मीनाक्षी खरे, स्वाति रैकवार, आस्था रैकवार, शिखा पुरोहित, आदि उपस्थित रही।

एकता परिषद के बैनर तले धोरिया के आदिवासियों ने ज्ञापन सौपा

# दूसरी बार बेदखली रोकने की मांग उठाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया



जन संगठन एकता परिषद जिला दमोह के बैनर तले मड़ियादो के जंगल में आजादी के पूर्व से बसे गांव धोरिया के सैकड़ों आदिवासियों ने कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर को ज्ञापन देकर वन विभाग व्दारा की जा रही बेदखली एवं तानाशाही को रोकने एवं बर्षों से काबिज राजस्व भूमि का पट्टा शीघ्र देने की मांग उठाई। ज्ञापन अपर कलेक्टर सीजी गोस्वामी ने लेकर उचित कार्यवाही का भरोसा दिया। इस सम्बन्ध में म. प्र. एकता परिषद के पूर्व राज्य समन्वयक सुजात खान, गनेश आदिवासी, लाल सिंह, नन्हें भाई, मनीराम, शंकर सिंह, मल्ला आदिवासी आदि ने बताया कि उक्त धोरिया गांव के आदिवासी अपने दादा परदादा के जमाने से राजस्व की जमीन पर कब्जा करके आजादी के पूर्व से खेती करते चले आ रहे हैं। इनके जुर्माना भी हुआ है। इनके द्वारा उक्त राजस्व भूमि का पटटा पाने के लिए पूर्व में कई प्रयास भी किए गए। किंतु उन्हें जिला एवं ब्लाक हटा शासन प्रशासन व्दारा ये कहकर पटटा नहीं दिया जा रहा है कि, मध्यप्रदेश में न्यायालय व्दारा चरनोई भूमि (राजस्व भूमि) के पटटा वितरण पर वर्ष 2002 से रोक लगी हुई है। जबकि वन विभाग , राजस्व विभाग एवं पन्ना टाइगर रिजर्व बफर जोन प्रबंधन न्यायालय की रोक के बाद भी उक्त जमीन को आज अपनी बताकर मनमानी, नादिर शाही, तानाशाही,गुंडागर्दी एवं अबैध तरीके के साथ वर्षों से काबिज वंचित आदिवासियों को हटाने पर आमादा है। धोरिया वासियों ने 05 अगस्त 2025 को भी दमोह कलेक्टर को इस मुद्दे को लेकर ज्ञापन सोपा था। कलेक्टर ने भी इस दिशा में ठोस कार्य करने का भरोसा दिया था इसके बावजूद भी आदिवासियों को उक्त भूमि से पन्ना टाइगर रिजर्व प्रबंधन एवं वन विभाग द्वारा बेदखली का प्रयास जारी है। ज्ञापन में म. प्र. एकता परिषद के साथ आदिवासियों ने समस्या का समाधान न होने पर एक बड़ा आंदोलन करने की चेतावनी दी है। इस मौके पर भूपेन्द्र सिंह, हीरा सिंह आदिवासी, कुंजी आदिवासी, गोपाल सिंह, कोमल , बबीता रानी आदिवासी, अनीता रानी आदिवासी, बहादुर आदिवासी सहित अनेक धोरिया वासी महिला-पुरुष मौजूद रहे।

# पटेरा में रक्तदान शिविर का सफल आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा

मंगलवार को दमोह जिले की पटेरा तहसील में कलेक्टर श्री सुधीर कोचर के निर्देशन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आर के अठया व सीबीएमओ डॉ आर आर बागरी के द्वारा एक भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिला स्तर से डॉ. प्रशांत सोनी पेथे लोजिस्ट , लेब टेक्निशयन जीतेन्द्र रैकवार, अमित अहिरवार जिसमें समाज के सभी वर्गों के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य मानव जीवन को बचाने और रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना था। शिविर में नायब तहसीलदार सुश्री मानसी अग्रवाल सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे, जिन्होंने खुद भी रक्तदान किया और लोगों को प्रोत्साहित किया। शिविर के दौरान नायब तहसीलदार सुश्री मानसी अग्रवाल के साथ-साथ वरिष्ठ पत्रकार नरेंद्र बजाज, पार्षद पुष्पेंद्र सोनी, हरिप्रसाद चौरसिया, और शंकरलाल तंतुवाय, कमलेश शर्मा, देवराज पटैल, पंकज जैन, सहित कई प्रतिष्ठित नागरिकों ने रक्तदान कर रक्तदान केंद्र का दौरा किया। उन्होंने शिविर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और रक्तदान करने वालों से मिलकर उनका हौसला बढ़ाया। नायब तहसीलदार सुश्री मानसी अग्रवाल ने इस अवसर पर कहा, रक्तदान महादान है, और यह किसी भी व्यक्ति के जीवन को बचाने का सबसे महत्वपूर्ण तरीका है। हमें सभी को आगे आकर इस पुनीत कार्य में सहयोग करना चाहिए। उन्होंने इस सफल आयोजन के लिए आयोजकों और सभी रक्तदाताओं की सराहना की। शिविर में 52 लोगों के द्वारा रक्तदान किया गया साथ ही रक्त अल्पता वाली 4 गर्भवती महिलाओं को रक्त चढ़ाया गया। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का समस्त स्टॉफ की मौजूदगी रही एवं डॉ अभिषेक पटेल, नईमुद्दीन खान, प्रमोद तंतुवाय, सत्यम नेमा, लोकेश नेमा, पारस ताम्रकार, राज ताम्रकार, धर्मेंद्र चौरसिया, लखन साहू, लक्ष्मण साहू, सचिन मरावी द्वारा रक्तदान भी किया गया।

# जश्न ईद मीलादुन्नवी पर्व एवं गणेशोत्सव पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न



**हिण्डोरिया।** सन्निकट मुस्लिम भाईयों के पर्व जश्ने ईद मिलादुन्नबी सल्लल्लाहु अलैयहे बसल्लम एवं हिन्दू भाईयों के गणेश उत्सव पर्व को लेकर स्थानीय थाना परिसर में गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, मीडिया मित्रों, समाज प्रमुखों आदि की गरिमामय उपस्थिति में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। नवागंत एसडीओपी प्रिया सिंधी के विशेष मार्गदर्शन मे बैठक का संचालन थाना प्रभारी धर्मेंद्र गुर्जर एवं नायब तहसीलदार प्रीतम सिंह लोधी के द्वारा किया गया। बैठक मे उपस्थितजनों ने इस्लाम धर्म के प्रवर्तक हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैयहे वसल्लम के जन्म दिवस की खुशी में मनाए जाने वाला पर्व जश्ने ईद मिलादुन्नबी एवं गणेशोत्सव पर्व आपसी सदभाव पूर्ण माहौल मे परंपरागत ढंग से मनाने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर 04 सितम्बर 2025 दिन गुरूवार को अपरान्ह 05 बजे से 06 बजे तक नौजवान मुस्लिम भाईयों के व्दारा बाईक रैली जश्न ईद मीलादुन्नवी वाले रूट पर निकाली जायेगी। 05 सितम्बर 2025 दिन शुक्रवार को सुबह 08 बजे से जामा मस्जिद से परचम कुसाई के बाद जश्न ईद मीलादुन्नवी जुलूस प्रारम्भ होकर मदार चिल्ला पठानी मुहल्ला मे समाप्त होगा। इसी तरह आगामी 26 अगस्त 2025 को नगर मे भगवान गणेश जी की प्रतिमाऐं स्थापित होगीं। जिनका विसर्जन 06 सितम्बर 2025 को पूर्व की भांति बडे. तालाब मे परंपरागत ढंग से होगा।बैठक मे जामा मस्जिद के सदर हाजी नबाब खान आरआई, जश्न ईद मीलादुन्नवी इंतजामियां कमेटी के सदर मुहम्मद सामी उर्फ शमीम खान, सुधांशु चौबे, तैय्युब अली, देवेंद्र सिह, गनेश सिंह, अन्नू राजपूत, शानु खान, डॉ. कैय्यूम खान, एड- शरद प्यासी, धर्मेन्द्र चमन, मुकीम पठान, भानु अहिरवार,शाकिर मसीहा, नरेश साहू, मंजीत राज, छोटू चौरसिया, नीलेश चौरसिया, पप्पू ठाकुर, दिनेश कटार या, सुजात खान मौजूद रहे।

# शैक्षिक संवाद का जिला स्तरीय उन्मुखीकरण संपन्न



**हटा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान हटा में जनशिक्षा केंद्रों पर आयोजित होने वाले शैक्षिक संवाद के लिए जिले के सभी नोडल जनशिक्षकों और एक एक सहजकर्ता का एक दिवसीय उन्मुखीकरण किया गया जिसमे सहायक प्राध्यापक आरपी विश्वकर्मा ने शैक्षिक संवाद के इस माह में विषय कक्षा प्रबंधन के शुरुआती प्रयास पर चर्चा करते हुए इसके क्रियान्वयन पर बल दिया।प्रशिक्षण प्रभारी विजय बहादुर सिंह ने सहजकर्ता और शिक्षकों की सहभागिता के अनुपात को स्पष्ट किया और जन शिक्षा केंद्रों पर समूह गतिविधियों के माध्यम शैक्षिक संवाद आयोजित करने को कहा उन्मुखीकरण में राज्य स्तरीय प्रशिक्षक माधव पटेल और रामवीर सिंह ने सफलता की कहानी और नवाचारों को साझा करने पर जोर दिया देते हुए पीपीटी के माध्यम से सभी तकनीकी बिंदुओं को स्पष्ट किया। जिला स्तरीय उन्मुखीकरण में पीपल संस्था के संभाग प्रभारी धर्मेंद्र मिश्रा ने शैक्षिक संवाद के दौरान प्रदर्शन की गतिविधि के महत्व को स्पष्ट किया।जिला स्तरीय उन्मुखीकरण में वरिष्ठ व्याख्याता अरुण पटेल,गोविंद सोनी, सुरेंद्र नेमा उपस्थित रहे।

# केंद्र और राज्य सरकार युवाओं को रोजगार दिलाने संकल्पित-सांसद



**दमोह।** दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी ने पॉलीटेक्निक कॉलेज पहुंचकर युवा संगम मेले का जायजा लिया। उन्होंने विभिन्न कक्षों में बाहर से आई कंपनियों के स्टॉलों पर पहुंचकर रोजगार से संबंधी जानकारी ली। रोजगार पाने के उद्देश्य से बड़ी संख्या में युवा वर्ग विभिन्न कंपनियों के स्टॉलों पर मौजूद थे। इस अवसर पर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, सिद्धार्थ मलैया, प्रिंस जैन, जिला रोजगार अधिकारी एलपी लड़यि, आईटीआई प्राचार्य अभिषेक तिवारी मौजूद थे। सांसद राहुल सिंह ने कहा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के नेतृत्व में प्रत्येक माह युवा संगम रोजगार मेला का आयोजन होता है, इसी क्रम में आज दमोह के पॉलीटेक्निक कॉलेज में इसका आयोजन हुआ है। उन्होंने जिले के सभी युवाओं से आग्रह किया इस मेले युवा संगम मेले में अवश्य आये और अपना रजिस्टेशन कराये, आपको योग्यता के अनुसार रोजगार अवश्य मिलेगा। उन्होंने कहा केंद्र और राज्य सरकार युवाओं को रोजगार दिलाने के लिये संकल्पित है और जिले के सभी अधिकारी, जनप्रतिनिधिगण इस दिशा में लगे हुए कि जिले के अधिक से अधिक युवाओ को रोजगार प्राप्त हो और आप सभी से मेरा आग्रह है कि अधिक से अधिक संख्या उपस्थित हो ओर रोजगार कि दिशा में अपना कदम बढायें । इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि सिद्धार्थ मलैया ने युवाओं से चर्चा कर उनका उत्साह वर्धन किया और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

# आंगनबाड़ी केंद्र में बाल चौपाल का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मडियादौ



एकीकृत महिला बाल विकास परियोजना हटा अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्र मडियादो 119 इंदिरा कॉलोनी में बाल चौपाल का आयोजन किया गया। शाला पूर्व शिक्षा की थीम पर आयोजित कार्यक्रम में आंगनवाड़ी केंद्र के हितग्राहियों, महिलाओ और बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। परियोजना अधिकारी शिव राय के निर्देशन में सेक्टर पर्यवेक्षक मिनी अर्पिता नाथन, शिक्षकों और कर्मचारियों की मौजूदगी में यहॉ खेल-खेल के माध्यम से गतिविधियां, पोषण प्रदर्शनी, बाल चौपाल सहित बच्चों के सम्पूर्ण विकास के पांचों आयामो की गतिविधियों का प्रदर्शन किया गया और क्रियान्वयन को दर्शाया गया। इस दौरान लोगों को पोषण युक्त भोजन, स्वास्थ्य के लिए आवश्यक तत्व, बीमारियों से बचने के उपाय, सावधानियां आदि के संबंध में जानकारी दी गई। आयोजन के माध्यम से आंगनवाड़ी कार्यकर्ता गीता सोनी ने फल थीम के क्रियान्वयन के अपने अनुभव सफलताएं एवं चुनौतियां पर बात रखी। सेक्टर पर्यवेक्षक मिनी अर्पिता नाथन ने समुदाय के लोगों को सम्बोधित करते हुए सभी हितग्राहियों को आंगनवाड़ी में नियमित भेजने का आग्रह किया और आंगनबाड़ी के माध्यम से संचालित होने वाले विभिन्न शासकीय योजनाओं, पोषण और अन्य गतिविधियों का लाभ लेने की सलाह दी। साथ ही शाला पूर्व शिक्षा के कार्य की महत्ता को बताकर रेखांकित किया। कार्यक्रम में विकास के आयामों पर आधारित गतिविधियों का प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया एवं उपस्थित बच्चों को अकादमी सामग्री पुरस्कार के रूप में वितरित की गई। आयोजन में समुदाय से आमजन, बच्चे, आंगनबाड़ी शिक्षिकाएं, शिक्षक उपस्थित रहे।

# तीज पर्व पर दंगल प्रतियोगिता का आयोजन



**जबेरा।** जनपद पंचायत जबेरा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत माला मानगढ़ में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी तीज पर्व के अवसर पर दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे दमोह जिले से आए हुए पहलवानों का स्वागत सत्कार और अभिनंदन जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि विनोद राय द्वारा किया गया। साथ ही दंगल प्रतियोगिता में विजेताओं के लिए पुरस्कार एवं नगद राशि देकर पहलवानों को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान युवा समाजसेवी शिवम राय, जनपद सदस्य प्रतिनिधि बलवान सिंह, बबलू सींग ठाकुर, चंदन सींग, बबलू सींग, चोरई सरपंच सुनील सींग, बाबू सिंह राजपूत, हर प्रसाद यादव, मुकेश असाटी, रामदास यादव, राम सिंह पहलवान, सफीक खान, सुरेंद्र प्रधान, अमर सिंह, नारायण सिंह, अजीम खान, बलवंत सिंह, ओंकार सिंह, भूपत सिंह, बेनी साहू, क्रेश यादव आदि ने पहलवानों का स्वागत किया। साथ ही दंगल रेफरी सफीक ख़ान, रामसिंग सहित क्षेत्र के सभी ग्रामों से आए हुए दर्शक ने पहलवानों का हौसला बढ़ाते हुए बहुत ही आनंद लिया।

## खबर संक्षेप

### धैर्या अहिरवाल राज्य स्तर पर करेंगी संभाग का प्रतिनिधित्व

**दमोह।** नगर के चैनपुरा में रहने वाली धैर्या ने संभागीय स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का रहली में आयोजन किया गया जिसमें दमोह जिले के उत्कृष्ट विद्यालय में अध्ययन करने वाली कक्षा नवमी की छात्रा धैर्या अहिरवाल ने अंडर 17 वेट लिफ्टिंग संभाग में सबसे ज्यादा बजन उठाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इनकी इस उपलब्धि पर उनके परिजनों, मित्रो व शाला परिवार के अलावा खेल प्रेमियों ने बधाई दी हैं। कु. धैर्या पर राज्य स्तर में होने वाली वेटलिफ्टिंग क्रीडा में संभाग का प्रतिनिधित्व करेगी।


### कांग्रेसजन आज सौपेंगे ज्ञापन

**दमोह।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार पूर्व में म.प्र. की कांग्रेस सरकार ने पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देने की बात कही थी और लागू भी की थी। किन्तु भारतीय जनता पार्टी ने पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण अब तक नहीं दिया गया। पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण दिये जाने को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मानक पटेल एवं पिछड़ा वर्ग कांग्रेस प्रकोष्ठ के अध्यक्ष बसंत कुशवाहा के नेतृत्व में आज 27 अगस्त 2025 को दोपहर 12:30 बजे कलेक्ट्रेट के सामने समस्त कांग्रेस पदाधिकारी कांग्रेसजन एकत्रित होकर महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौपेगे। कार्यक्रम में समस्त कांग्रेजनो से अधिकाधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की है।

### गणेश चतुर्थी आज : प्राचीन गणेश मंदिरों में उमड़ेंगे श्रद्धालु

# घर घर आज विराजेंगे विघ्नहर्ता श्रीगणेश






हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

गणेश चतुर्थी पर्व को लेकर दमोह जिले में तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। घरों में धूमधाम से विघ्नहर्ता श्री गणेश जी की स्थापना होगी तो वहीं पंडालों में भी एक से बढ़कर एक झांकिया सजाकर भव्य रूप से श्रीगणेश की स्थापना की जायेगी। आज भगवान गणेश के जन्मोत्सव पर जिले के झागर, नोहटा और धनसरा जैसे प्राचीन धार्मिक स्थलों पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है। इन स्थानों की विशेषता और प्राचीनता इन्हें प्रदेश ही नहीं, देशभर में भी अद्वितीय पहचान दिलाती है।

### झागर — 18 भुजा धारी गणेश की अद्भुत प्रतिमा

दमोह-सागर रोड पर स्थित ग्राम झागर के तालाब किनारे बने सिद्धिविनायक मंदिर में भगवान गणेश की 18 भुजा धारी अद्वितीय प्रतिमा विराजमान है। इसे भारत की पहली और इकलौती प्रतिमा माना जाता है जिसमें गणेश भगवान 18 भुजाओं वाले स्वरूप में हैं। स्थानीय मान्यताओं के अनुसार, सम्राट अशोक ने भारत भ्रमण के दौरान यहां पड़ाव डाला था। पहले यह स्थान खंडहर जैसी स्थिति में था, लेकिन अब यहां भव्य मंदिर का निर्माण हो चुका है। गणेश चतुर्थी के अवसर पर यहां विशेष पूजा और भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है।

### नोहटा : 1700 वर्ष पुराना गणेश मंदिर

दमोह-जबलपुर हाईवे से कुछ दूरी पर स्थित नोहटा गांव में भगवान गणेश का लगभग 1700 वर्ष पुराना मंदिर जिलेभर के श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र है। यहां की अद्भुत शिल्पकला और ऐतिहासिक महत्व इसे और भी खास बनाता है। गणेश चतुर्थी पर मंदिर परिसर में विशेष सजावट की गई है और सुबह से ही पूजा-अर्चना, आरती और भजन-कीर्तन का आयोजन होगा।

### धनसरा — हजारों वर्ष पुरानी दुर्लभ प्रतिमा

नोहटा अंचल से लगे धनसरा गांव में भगवान गणेश की हजारों वर्ष पुरानी दुर्लभ प्रतिमा विराजमान है। पहले यह प्रतिमा व्यारमा नदी किनारे खुले आसमान के नीचे रखी थी, जिसे ग्रामीणों ने गांव के बीच बने चबूतरे पर स्थापित किया।

ग्रामीणों का कहना है कि इस अद्वितीय प्रतिमा जैसी प्रतिमा जिले में कहीं और नहीं है। गणेश चतुर्थी पर इन तीनों ही स्थलों पर सुबह से ही भजन-कीर्तन, पूजा और विशेष आरती की गूंज रहेगी। भीड़ को देखते हुए मंदिर समितियों ने पार्किंग, पानी और प्रसाद वितरण की व्यवस्था की है, वहीं प्रशासन ने भी सुरक्षा के इंतजाम पुख्ता किए हैं। दमोह के ये प्राचीन गणेश मंदिर न केवल आस्था के केंद्र हैं, बल्कि जिले की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर भी हैं, जो कल गणेश चतुर्थी के अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बनेंगे।

## अष्टभुजा रुप में विराजे 500 वर्ष पुराने श्रीगणेश

**तेन्दूखेड़ा।** 500 वर्ष पुरानी अत्यंत दुलर्भ भगवान गणेश की प्रतिमा तेजगढ़ ग्राम में अत्यन्त प्राचीन मंदिर में आज भी उपलब्ध है। यह प्राचीन मंदिर प्रतिभा ऐतिहासिक राजा तेजी सिंह के शासन काल की प्रतिमा होने का संकेत देती है। तेंदूखेड़ा मुख्यालय से 20 किमी दूर तेजगढ़ गांव में भगवान गणेश की यह प्रतिमा विराजमान है जो अष्टभुजा रुप में है। यहां भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी होती है। आज तक इस प्रतिमा के बारे में कुछ पता नहीं लग पाया कि आखिर यह प्रतिमा यहां कैसे आई। गांव के बुजुर्गों की अपनी अलग-अलग राय है। वृद्ध कहते हैं कि उनके पूर्वजों ने उन्हे बताया कि यहां भगवान गणेश की अष्टभुजा प्रतिमा पांच सौ वर्ष पूर्व जमीन के नीचे से प्रकट हुई थी। जिसे तेजगढ़ के राजा तेजी सिंह ने गणेश घाट के समीप स्थपित कराया था। उसी समय से उस घाट का नाम भी गणेश घाट पड़ गया। इसके साथ तेजगढ़ गांव को भी राजा तेजी सिंह ने ही बसाया था शिक्षक महेंद्र दीक्षित श्याम सुंदर यादव, अनूप ठाकुर ने बताया कि यह मंदिर एतिहासिक है और प्रतिमा काफी प्राचीन है जिसकी जानकारी उन्हे भी बुजुर्गों से मिली है। शिक्षक महेंद्र दीक्षित ने बताया कि पांच सौ वर्ष पहले ओरछा के हरदोल का जन्म हुआ था और उसी समय राजा तेजी सिंह का भी जन्म हुआ और उन्ही के राज में यह प्रतिमा स्थापित है। करीब 82 साल पहले प्रतिमा मंदिर के नीचे की ओर धंसने लगी थी, तब फतेहपुर गांव के कोई संत यहां आए थे। इसके बाद प्रतिमा को बाहर निकाला गया प्रतिमा के ऊपर काफी बड़ी मात्रा में सिंदूर निकला था, जिसे नर्मदा नदी में बहाया गया था और फिर सभी के सहयोग से नए मंदिर का आकार दिया गया जो काफी विख्यात है।

# पटवारी के बयान से कांग्रेस की मानसिकता सामने आई : उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल



### सतेंद्र सिंह के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उपमुख्यमंत्री का स्वागत

**तेंदूखेड़ा।** मंगलवार को मध्यप्रदेश शासन के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला जबलपुर से हटा जाने के दौरान शाम 6.30 बजे नगर के तारादेही तिराहा पर राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी के भाई सतेंद्र सिंह लोधी ने समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ उपमुख्यमंत्री का ढोल नगाडो एवं फूल मालाओं के साथ स्वागत किया। स्थानीय पत्रकारों के द्वारा उपमुख्यमंत्री से जीतू पटवारी के द्वारा मध्यप्रदेश की महिलाओं के संबंध में दिए गए ब्यान पर पूछा गया तो उन्होंने कहा कि कांग्रेस की मानसिकता उनके प्रदेश अध्यक्ष के ब्यान से सामने आई हैं। लेकिन भारतीय जनता पार्टी की सरकार महिलाओं को उचित स्थान दे रही हैं लाडली लक्ष्मी बहना योजना, महिला सशक्तिकरण एवं तमाम तरह की योजनाओं के माध्यम से समाज में बराबरी के साथ आगे बढे। महिलाओं का समाज में योगदान समाज को बेहतर बनाने में बहुत बड़ा होता हैं। लेकिन जीतू पटवारी ने इस प्रकार का ब्यान देकर महिलाओं का अपमान किया हैं। वो हमेशा कहते हैं मध्यप्रदेश में कांग्रेस राहुल गांधी के मार्गदर्शन में काम कर रही हैं इसका मतलब यह हैं कि राहुल गांधी ने उनसे कहा हैं कि महिलाओं के प्रति इस प्रकार से ब्यान देना ठीक रहेगा। उनको ये जबाव देना चाहिए कि यह विचार उनके दिमाग में कैसे आया लेकिन मध्यप्रदेश की संपूर्ण महिलाएं ब्यान से अपमानित महसूस कर रही हैं। स्वागत के दौरान मंडल अध्यक्ष संतकुमार पाल, सासंद प्रतिनिधी मूरत सिंह लोधी, नगर परिषद अध्यक्ष सुरेश जैन, उपाध्यक्ष लक्ष्मी नामदेव, डां परम सिंह लोधी, रश्मि साहू, विवेक जैन, संजय जैन पारसमणि, नर्बदा दुबे, राजकुमार ठाकुर, सत्यम जैन, गोंविद यादव, शुभम जैन, राजेश यादव, सतेंद्र जैन, चेतन जैन, राजू रसिया, भागचंद जैन, विपिन घोषी सहित सैकडो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## झलोन की ज्वेलरी शॉप में महिला को बातों में उलझाकर झुमकी का सेट लेकर भागे बाइक सवार, घटना सीसीटीवी में कैद जांच में जुटी पुलिस

**तेंदूखेड़ा।** जिले के तेंदूखेड़ा ब्लाक में इस समय अज्ञात बदमाश सोने की सामग्री को अपना निशाना बना रहे हैं। सोमवार शाम तेजगढ़ थाना के झलोन में एक ज्वेलरी शॉप में बदमाशों ने इसी प्रकार की घटना को अंजाम दिया। दुकानदार की पत्नी को बातों में उलझाकर दो बदमाश सोने की झुमकी का सेट लेकर बाइक से भाग निकले। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई जिसके बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार झलोन में श्रद्धा ज्वेलर्स दुकान के संचालक सोमवार शाम दुकान पर अपनी पत्नी को बैठाकर खेत गये थे। उसी समय चार युवक दो बाईकों से दुकान पहुंचे। दो युवक बाइक लेकर सड़क पर रुक गये जबकि दो ज्वेलरी की दुकान के अंदर गये। उन्होंने महिला दुकानदार से अनेक तरह के सोने, चांदी के जेवर संबंधी जानकारी ली और एक झुमकी का पूरा सेट निकलवाया। महिला को बातों में उलझाया और सोने की झुमकी लेकर दोनों युवक दुकान के बाहर निकल आए। महिला कुछ समझती इसके पहले दोनों युवक पहले से बाइक लेकर खड़े युवकों के साथ भाग निकले और गोहची मार्ग से फरार हो गये। जिस दुकान पर अज्ञात युवकों ने घटना को अंजाम दिया हैं उसमें सीसीटीवी कैमरे लगे थे। इसलिए पूरी घटना कैमरों में कैद हो गई। अशोक जैन ने बताया बाइक पर सवार दोनों युवक झुमकी का पूरा सेट लेकर गोहची बाले रास्ते से भागे हैं। जो ज्वेलरी ले गये है वह एक ग्राम से अधिक बजन की है जिसकी कीमत एक लाख से अधिक है। क्षेत्र में कुछ अंजान लोग घूम रहे हैं। जिनको कोई पहचानता नहीं है और ये रेकी करने के बाद घटनाओं को अंजाम देकर भाग निकलते है। कुछ दिन पूर्व अपने ससुर के साथ मायके से अपनी सुसराल जा रही बाइक सवार महिला के गले से सोने का हार पीछे से आए बाइक सवारों ने छीन लिया था। महिला ने घटना की जानकारी तेंदूखेड़ा थाने में दी थी। घटना को अंजाम देने के पूर्व चार युवक दो स्कूटी पर सवार थे। पुलिस ने अपने स्तर से खोजबीन की तो पता चला वह शातिर लुटेरे है जिन्होने कटनी जबलपुर में इसी कई घटनाओं को अंजाम दिया है पुलिस द्वारा मामला दर्ज जांच शुरू कर दी है।

## गणेश चतुर्थी पर्व की तैयारी जोरों पर, बुधवार को घर-घर विराजेंगे श्री गणेश

**तेंदूखेड़ा।** नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में गणेश चतुर्थी पर्व को लेकर भक्तों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। मंगलवार को नगर के साप्ताहिक बाजार में गणेश प्रतिमाओं को लेने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। बाजारों में धार्मिक वातावरण बना रहा, जगह-जगह भक्तजन गणेश प्रतिमाओं की खरीददारी करते नजर आए। बुधवार को श्री गणेश का विधिवत पूजन कर श्रद्धालु उन्हें अपने घरों में विराजमान करेंगे। इसके साथ ही नगर एवं क्षेत्र में गणेश चतुर्थी की धूम शुरू हो जाएगी और आगामी 10 दिनों तक भक्तगण श्री गणेश की आराधना एवं सेवा में लीन रहेंगे। मंदिरों व पंडालों में भी विशेष आयोजन की तैयारियाँ अंतिम चरण में हैं। गणेशोत्सव को लेकर नगर का माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया है। जगह-जगह पंडाल सजाए जा रहे हैं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की जा रही है। सुरक्षा एवं व्यवस्था को लेकर प्रशासन भी सक्रिय है। गणेश उत्सव के संबंध में पंडित गोपाल प्रसाद शास्त्री ने बताया कि हर साल भाद्रपद महीने की शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को गणेश उत्सव का शुभारंभ होता है. यह उत्सव 10 दिन तक चलता है, जिसमें भक्त गणपति बप्पा को अपने घर लेकर आते हैं और विधि-विधान से उनकी पूजा अर्चना करते हैं. यहां तक की जगह-जगह पर गणपति बप्पा के पंडाल भी सजते हैं. जिसमें सुबह शाम पूजा आरती और भजन कीर्तन किए जाते हैं।

## मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के द्वारा पोस्टर जारी
## हमारा विद्यालय -हमारा स्वाभिमान का विमोचन



**दमोह।** विकासखंड पटेरा में विकासखंड शिक्षा अधिकारी आई. एल. अठया द्वारा किया गया। पोस्टर विमोचन में हरिभूमि जिला ब्यूरो चीफ श्री नरेन्द्र बजाज, हाईस्कूल राजाबंदी प्राचार्य मुकेश गूजरे, संकुल प्राचार्य पटेरा श्रीमती वंदना भोज मेडम ने सहयोग प्रदान किया। पोस्टर में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के साझा संकल्प के बारे में बताया गया। पोस्टर में प्रमुख रूप से यह उल्लेख किया गया है कि हमारा विद्यालय हमारा तीर्थ है, हमारी आत्मा का अभिमान है और राष्ट्र निर्माण का आधार है। पोस्टर में - राष्ट्र के हित में शिक्षा, शिक्षा के हित में शिक्षक और शिक्षक के हित में समाज पर प्रमुख प्रकाश डाला गया। संकल्प का वाचन प्रदेश स्तर पर 1 सितंबर को प्रदेश के सभी विद्यालयों में एक साथ किया जाना है। म.प्र. शिक्षक संघ वि.खं. पटेरा अध्यक्ष अमित जैन के साथ सभी शिक्षक साथियों ने संकल्प का वाचन किया। शिक्षकों में प्रमुख रूप से भागचंद जैन, प्रमोद परौहा, शरद ताम्रकार, देवेन्द्र तंतुवाय, मुलाम सिंह राजपूत, कमलेश शर्मा, लक्ष्मण विश्वकर्मा, माधव पटैल, वृंदावन पटैल, राज ताम्रकार, पंकज जैन, मनोज शुक्ला, चंदन पालीवाल, विवेक नेमा, राजेंद्र जैन, बीरेन्द्र सिंह ज्ञानी प्रसाद अहिरवाल, विक्रांत ताम्रकार, परसोत्तम पटेल, राजेश पटेरिया, निर्मल सिंह, के साथ सभी शिक्षकों की उपस्थिति रही।

## सिंधी समाज पंचायत ने की नई कार्यकारिणी की घोषणा

**दमोह।** पूज्य सिंधी समाज पंचायत, ने आज 26 अगस्त 2025, दिन मंगलवार एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नवनिर्वाचित अध्यक्ष हरगोविंद लालवानी ने अपनी नई कार्यकारिणी की घोषणा की, जो समाज के विकास और उन्नति के लिए महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर सर्व संरक्षक मंडल के निर्देश अनुसार सभी सदस्यों को नियुक्ति पत्र भी प्रदान किए गए, जिससे समाज में एक नई ऊर्जा और दिशा का संचार हुआ। कार्यक्रम में प्रमुख उपस्थिति इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में निम्नलिखित प्रमुख व्यक्तियों ने विशेष उपस्थिति दर्ज कराई और इस आयोजन को और भी महत्वपूर्ण बना दिया। सिंधी समाज के मुखी किशनचंद आहूजा ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम को सम्मानित किया। संरक्षक मंडल के सदस्य घनश्याम दास कोटवानी, मोहनदास कुकरेजा, जीयंद राम कुकरेजा, रमेश मखीजा, समाज के पूर्व अध्यक्ष अनिल कोटवानी ने भी इस अवसर पर अपनी महत्वपूर्ण उपस्थिति दर्ज कराई। नवनिर्वाचित अध्यक्ष हरगोविंद लालवानी और उनकी नई कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष मनोज आहूजा, मुकेश वाधवानी सचिव, सुनील (बाला) माखीजा, संयुक्त सचिव मदन लालवानी, हरीश आहूजा, कोषाध्यक्ष लव (सोनू) पोपटानी, मीडिया प्रभारी गिरधारी लाल तोलानी, दीपक कुंदनानी, सलाहकार भागचंद बुधवानी, नंदलाल ऐलानी, चंद बुधवानी, सुंदरदास बसंतानी को समाज की सेवा और विकास के लिए हार्दिक शुभकामनाएं। हमें पूर्ण विश्वास है कि यह नई कार्यकारिणी समाज के हित में महत्वपूर्ण और प्रभावी कार्य करेगी और सिंधी समाज को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में सफल होगी। इस नई कार्यकारिणी के माध्यम से हम सिंधी समाज के विकास, संस्कृति के संरक्षण, और समाज के सभी वर्गों के बीच सामंजस्य और सहयोग को बढ़ावा देने की उम्मीद करते हैं। वरिष्ठ कार्याकारिणी में राज कुमार केवलानी, कुंदन (बाबा)नानवानी, दौलातराम खत्री हैं। कार्यकारिणी हरीश (लकेंश) नागदेव, मुकेश छत्तानी, राकेश लालवानी, दिलीप संगतानी, विवेक कुकरेजा, राहुल सहजवानी, अजय संगतानी, प्रमोद नाथानी, जयप्रकाश सेवालानी,पंकज नावानी, राजेश श्यामनानी महेश आहूजा शामिल हैं।

### बैकों में 5, 10 एवं 20 रूपये के सिक्के आमजन के लिए होंगे उपलब्ध

**जिले के व्यापारी वर्ग से आग्रह वह अपनी तरफ से 1 एवं 2 रुपए के सिक्के बाजार में प्रचलन के लिए प्रोत्साहित करें- लीड बैंक अधिकारी**

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निरंतर प्रयासों एवं उनके मार्गदर्शन से आरबीआई द्वारा काफ़ी लम्बे अंतराल के बाद 5, 10 एवं 20 रूपये के सिक्के दमोह चेस्ट भेजे गये है। एक दो दिन में इन सिक्कों को आमजन के लिए उपलब्ध होंगे। आरबीआई द्वारा नगदी के मामले मे भरोसा दिया गया है किसी भी प्रकार की नगदी की कमी जिले क़ो नहीं होने दी जायेगी। लीड बैंक अधिकारी हेमंत कुमार ने बताया एटीएम में भरने के लिए पर्याप्त नगदी उपलब्ध की जायेगी। उन्होंने इसके लिए आरबीआई के प्रखर उपाध्यय का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने जिले के व्यापारी वर्ग से आग्रह किया है की वह अपनी तरफ से 1 एवं 2 के सिक्के बाजार में प्रचलन के लिए प्रोत्साहित करें।

## सभी पर्वों को सद्भाव व शांति पूर्वक भाईचारे से मनाए: नायब तहसीलदार



**पटेरा।** आज से प्रारंभ हो रहे हिंदू समाज के प्रथम आराध्य गणेशोत्सव पर्व जैन धर्म के पर्युषण महापर्व एवं मुस्लिम समाज के हजरत मुहम्मद पैगम्बर साहब के जन्मोत्सव जश्न ए ईद मिलादुन्नबी का पर्व सद्भाव, शांति पूर्वक मनाने पुलिस थाना परिसर में थाना प्रभारी द्वारा शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। नायब तहसीलदार मानसी अग्रवाल के निर्देशन में बैठक संपन्न हुई। थाना प्रभारी अन्य जरूरी कार्य आ जाने से बैठक में शामिल नहीं हुई। नवागत उप निरीक्षक संतोष सिंह राजपूत ने बैठक का संचालन किया। सभी पर्व परंपरानुसार शांति पूर्वक सद्भाव से मनाने प्रतिनिधियों ने आश्वस्त किया। परिषद ने सभी व्यवस्थाएं परंपरानुसार करने की बात कही। गणेश समितियों ने भी अपनी अपनी बात रखी। मुस्लिम भाइयों ने 5 सितंबर को प्रातः 8 बजे से ईदगाह से जुलूस प्रारंभ होकर नगर भ्रमण कर समापन 12 बजे तक होने का आश्वासन दिया। बैठक में परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि, पार्षद, पूर्व पदाधिकारी समाजसेवी पत्रकार व सभी वर्गों के नागरिक जन प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## घटेरा पीएमश्री हाईस्कूल का हायर सेकेंडरी में उन्नयन

**बनवार।** शिक्षा के क्षेत्र में घटेरा गांव के लिए बड़ी खुशखबरी आई है। जनपद शिक्षा केंद्र जबेरा के अंतर्गत संचालित पीएमश्री शासकीय हाईस्कूल घटेरा को अब हायर सेकेंडरी स्कूल का दर्जा मिल गया है। इससे घटेरा सहित आसपास के गांव मुहली, मडिया, चंदपुरा, गढ़िया और कुसाई के बच्चों को अब कक्षा 12वीं तक की पढ़ाई गांव में ही करने की सुविधा मिलेगी। पहले यहां केवल कक्षा 10वीं तक की पढ़ाई होती थी, और आगे की शिक्षा के लिए छात्रों को बनवार या दमोह जाना पड़ता था, जिससे समय और धन दोनों की बर्बादी होती थी। अब इस उन्नयन से छात्रों को बड़ी राहत मिलेगी और ग्रामीण शिक्षा में नई दिशा मिलेगी। विद्यालय की प्रभारी प्राचार्य मोनिका सोनी ने बताया कि 14 अगस्त को शासन से आदेश प्राप्त हुआ है, जिसके तहत विद्यालय को हायर सेकेंडरी में अपग्रेड किया गया है। इस सत्र में 11वीं और 12वीं कक्षाओं में आर्ट्स और साइंस विषय की पढ़ाई शुरू हो गई है और अब तक 16 विद्यार्थियों का प्रवेश भी हो चुका है। अगले सत्र से अन्य विषय भी जोड़े जाएंगे। घटेरा के सरपंच राघवेंद्र सिंह ने कहा कि इस फैसले से न केवल बच्चों का समय बचेगा, बल्कि माता-पिता की चिंताएं भी कम होंगी। विशेषकर बालिकाओं के लिए यह सुविधा बेहद लाभदायक साबित होगी, क्योंकि अब उन्हें दूर-दराज के कस्बों में पढ़ाई के लिए नहीं जाना पड़ेगा। ग्रामीणों ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि हायर सेकेंडरी की पढ़ाई गांव में शुरू होने से शिक्षा के स्तर में नया अध्याय जुड़ गया है, जिससे क्षेत्र के बच्चों का भविष्य और उज्ज्वल होगा।

# स्मार्ट गांव, पर्यटन ग्राम का भ्रमण करने पहुंचे मंत्री-सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिग्रामपुर/जबेरा



दमोह जिले की जबेरा विधानसभा जनपद जबेरा के ग्राम स्मार्ट गांव पड़रिया थोवन पर्यटन ग्राम स्थानीय विधायक, मंत्री श्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी जी पहुंचे जहां भ्रमण करते हुए विभिन्न प्रकार की जानकारी प्राप्त की इस गांव की चर्चा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने मां की बात में की थी इस गांव में सीसीटीवी स्वच्छ वातावरण जैसी विभिन्न प्रकार की सुविधाएं हैं। ग्राम कोड़ाकला के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्र-छात्राओं को निशुल्क साइकिल वितरित की। मंत्री श्री लोधी ने कहा कि मेरी विधानसभा का यह प्रथम ग्राम है जिसमें पर्यटन असीन संभावनाएं है इस ग्राम में हम पर्यटन विभाग के द्वारा होम स्टे बना रहे हैं जिससे पर्यटकों को गांव का परिवेश जैसे खेती, बेलगाड़ी, स्वच्छ वातावरण, पहाड़ बुंदेली व्यंजन, कच्चे मकान जैसी विभिन्न प्रकार की चीजों की देखना और घूमने का अवसर प्राप्त होंगा और पर्यटकों की अपार संभावना बनेंगी। भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने तय किया कि हम छात्र-छात्राओं को निशुल्क साइकिल प्रदान करेंगे जिसके परिणाम स्वरूप आज दूर-दराज से स्कूल पहुंच रहे बच्चों को सुविधा प्राप्त हो रही है। महिला सशक्तिकरण के लिए हमें निरंतर कार्य कर रहे हैं पुलिस विभाग जैसी भतीयों में 33% आरक्षण देने का काम कर रहे हैं। सांसद राहुल सिंह ने कहा कि जबेरा विधानसभा में पड़रिया थोवन ने पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया है आने वाले समय में विभिन्न सांसदों के आने की संभावनाएं हैं इस विषय में मैं साथी सांसदों से चर्चा करूंगा। मंत्री श्री धर्मेंद्र सिंह लोधी क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रहे हैं शिक्षा के क्षेत्र में 45 निशुल्क कोचिंगों का संचालन कर रहे बड़े-बड़े विवाह सम्मेलन करवाएं हैं, और आने वाले समय में क्षेत्र की जनता की जो भी मांगे होगी उनको हम पूर्ण करेंगे महादेव घाट में भगवान बिरसा मुंडा जी की मूर्ति स्थापना की जाएंगी।

कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन,जबेरा मंडल अध्यक्ष बंटी दुबे, सिंग्रामपुर मंडल अध्यक्ष मंदीप यादव, संतोष बाजपेई, अर्जुन बाजपेई, अजय बाजपेई, विनोद वाजपेई, अंशुल वाजपेई, खड़ग सींग मासाब, मुलायम बाबा,सहारा ठाकुर,मूरत सरपंच ,सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासीय एवं जनप्रतिनिधि जन उपस्थित रहे।

**नाम सुधार सूचना**

शपथकर्ता कपिल कुमार कुशवाहा पिता श्री तुलसीराम कुशवाहा उम्र 37 वर्ष निवा... मागंज वार्ड नंबर 4 स्टेशन के पास, दम... तह. व जिला दमोह ने शपथ पूर्वक कथ... किया है कि मेरे शैक्षणिक दस्तावेज क... दसवी एवं 12वी की अंकसूची मे मेरा न... अंग्रेजी में KAPIL KUMA... KUSHAWAHA S / O TULSIRA... KUSHAWAHA लिखा है जो कि त्रुटिव... गलत दर्ज हो गया है। जबकि कि मेरे सात... डिग्री, पैन कार्ड, आधार कार्ड एवं ड्राइवि... लाइसेस मे मेरा नाम अंग्रेजी मे KAP... KUMAR KUSHWAHA S/... TULSIRAM KUSHWAHA लिखा... जो कि सही है। यह कि उपरोक्त उल्लेखि... दोनो नाम अंग्रेजी विवरण मेरे ही है एवं एक व्यक्ति के ही नाम है। अतः मेरा नाम की अंग्रे... मे KAPIL KUMAR KUSHWAH... S/O TULSIRAM KUSHWAH... लिखा, पढ़ा एवं पत्र व्यवहार किया जाये।

शपथकर्ता
KAPIL KUMAR KUSHWAH...
S/O TULSIRAM KUSHWAH...